विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,98087-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 319 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 21 अगस्त 2025 डाक 22 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
हनोई, वियतनाम में भारतीय तटरक्षक बलऔर वियतनाम तटरक्षक बल (वीसीजी) के बीच छठी उच्च स्तरीय बैठक (एचएलएम)



**देश-विदेश**
200 किलो गांजा लेकर बिहार आ रहे थे कुछ लोग... नेपाल की सीमा लांघते पकड़ी गई नशे की बड़ी खेप



**फीचर पेज**
बालों की तेजी से वृद्धि के लिए जरूरी हैं ये 5 विटामिन, डाइट में करें शामिल



## हत्याकांडः एनआईए ने 9 जगहों पर छापेमारी की, एक आरोपी गिरफ्तार



**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2019 में तमिलनाडु के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में राज्य के डिंडीगुल और तेनकासी जिलों में नौ जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिस पर फरार आरोपियों को शरण देने का आरोप है। यह मामला प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ा है, जिसने रामलिंगम की हत्या कर लोगों में कथित तौर पर डर और सांप्रदायिक नफरत फैलाने की कोशिश की थी। एनआईए ने छापेमारी के दौरान कोडाईकनाल में अंबुर बिरयानी होटल्स के मालिक इम्थातुल्लाह को गिरफ्तार किया। उस पर 2021 से फरार आरोपियों को जानबूझकर अपने होटल में शरण देने का आरोप है। छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए। इम्थातुल्लाह द्वारा शरण दिए गए तीन फरार आरोपियों में से दो, अब्दुल मजीद और शाहुल हमीद को एनआईए ने 25 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था। तीसरा आरोपी, मोहम्मद अली जिन्ना अभी भी फरार है। रामलिंगम की 5 फरवरी 2019 को तंजावुर में हत्या कर दी गई थी। वह पाट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के नेता थे। आरोप है कि पीएफआई के सदस्यों ने उनकी हत्या इसलिए की क्योंकि उन्होंने जबरन धर्म परिवर्तन का विरोध किया था। एनआईए ने मार्च 2019 में इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी और अगस्त 2019 में चेन्नई की विशेष अदालत में 18 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। इनमें से छह आरोपी फरार थे। 2021 में एनआईए ने फरार आरोपियों में से एक रहमान सादिक को गिरफ्तार किया था। मोहम्मद अली जिन्ना 19वां आरोपी बनाया गया। एनआईए ने दो अन्य फरार आरोपियों, बुरहानुद्दीन और नफील हसन पर 5-5 लाख रुपये का इनाम रखा है। जांच एजेंसी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के आए ईमेल, मच गया हड़कंप, खाली कराए गए कैंपस

**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**



दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को दिल्ली के स्कूलों को एक बार फिर उड़ाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के द्वारका सेक्टर-5 और प्रसाद नगर समेत छह स्कूलों को ईमेल भेजकर बम की धमकी मिली दी गई है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे हैं। एहतियात के तौर पर स्कूल परिसर को खाली करा दिया गया है। बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक, अलग-अलग जगहों पर स्कूल में बम की धमकी की जानकारी मिली है। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस और फायर की टीम मौके पर मौजूद हैं। पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है।

प्रसाद नगर स्थित आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका सेक्टर 5 स्थित बीजीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, छावला स्थित राव मान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका सेक्टर 1 स्थित मैक्सफोर्ट स्कूल और द्वारका सेक्टर 10 स्थित इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल सहित छह स्कूलों को आज बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले बुधवार को दिल्ली के 55 से ज्यादा स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इनमें द्वारका स्थित राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल शामिल हैं। पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। हालांकि, किसी भी स्कूल में तलाशी लेने के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### अमित शाह को संसद में पत्थर मारा गया...

## कंगना रनौत ने विपक्षी सांसदों पर लगाए गंभीर आरोप



**नई दिल्ली।** लोकसभा में बीते दिन दागी प्रधानमंत्री से लेकर सीएम तक को हटाने के लिए बिल पेश किया गया। इसको लेकर विपक्ष ने काफी हल्ला भी मचाया। यहां तक की विपक्षी सांसदों ने बिल की कॉपी फाड़कर गृहमंत्री के ऊपर भी फेंकी। जिसके बाद सदन में हंगामा हुआ। अब इसको लेकर सांसद कंगना रनौत ने बड़ा दावा किया है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद मीडिया से बातचीत में कंगना ने विपक्षी नेताओं पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ सांसदों ने अमित शाह के मुंह पर पत्थर फेंके। दरअसल, जब कंगना से पूछा गया कि संसद में आज क्या हुआ, तो उन्होंने कहा कि अमित शाह बिल पेश कर रहे थे, तभी विपक्षी सांसदों ने उनका माइक हटाने की कोशिश की। नेताओं ने विधेयक की कॉपी फाड़कर शाह के ऊपर फेंकी। उन्होंने इसी के साथ दावा किया कि कुछ सांसद अपने साथ पत्थर भी लेकर आए थे, जो उन्होंने पेपर के साथ अमित शाह के मुंह पर फेंके।

## बिहार में सुबह-सुबह एनआईए की बड़ी कार्रवाई हाजीपुर में टेंपो स्टैंड संचालक के घर रेड



**हाजीपुर 21 अगस्त।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डाक बंगला रोड स्थित टेम्पो स्टैंड संचालक के घर गुरुवार की अल सुबह एनआईए की टीम ने रेड किया। एवं काजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घोसवर राजू सिंह के घर पर एनआईए की रेडचल रही है। सुबह सुबह एनआईए टीम की रेड की सूचना पर हड़कंप मच गया। टीम ने टेंपो स्टैंड संचालक राजू राय के घर में रेड किया। इस दौरान घर में मौजूद लोगों से गहन पूछताछ की। घर की छत एवं घर की बारीकी जांच पड़ताल की। राजू राय पिछले कई वर्षों से हाजीपुर के कई टेंपो स्टैंड का संचालन करते हैं। बताया गया है कि गुरुवार की सुबह करीब 4.30 बजे एनआईए की टीम एक गाड़ी से पहुंच गई। टीम में करीब 6 लोग शामिल है। वहीं स्थानीय नगर थाना की पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद है। टीम के अधिकारी घर के अंदर राजू राय एवं अन्य लोगों से पूछताछ एवं जांच पड़ताल में जुटी है। इस संबंध में स्थानीय थाना एवं टीम के सदस्य कुछ बताने से इनकार कर रहे हैं।

## BEST चुनाव में हार के बाद सीएम फडणवीस से मिलने पहुंचे राज ठाकरे, महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले कुछ समय से हलचल देखने को मिल रही है। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात की है। दोनों नेताओं की ये मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। दरअसल, करीब 20 साल बाद एक साथ आए ठाकरे ब्रदर्स को पहले ही चुनाव में बुधवार को बड़ा झटका लगा। बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस की तरफ से समर्थित उत्कर्ष पैनल को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इसके अगले दिन ही मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने सीएम फडणवीस से मिलने पहुंचे हैं। गुरुवार को मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। महाराष्ट्र की राजनाति में कयासों का बाजार गर्म हो गया है। ध्यान देने योग्य बात है कि ये मुलाकात ऐसे समय पर हो रही है जब पिछले दिन ही बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस को हार का सामना करना पड़ा। संयुक्त चुनावी मुकाबले में किसी को भी एक सीट भी ना मिल सकी। उल्लेखनीय है कि राज्य के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दोनों दलों पर ठाकरे ब्रांड के इर्द-गिर्द क्रेडिट सोसाइटी चुनावों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं महाराष्ट्र में आने वाले समय में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के बीच संभावित गठबंधन की चर्चाएं चल रही हैं।

## श्री गणेश करेंगे..., जब रूसी राजदूत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोली हिंदी

### सुदर्शन चक्र मिशन पर किया बड़ा वादा



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने हाल ही में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कई बड़े एलान किए थे। इसमें सुदर्शन चक्र मिशन की भी घोषणा की गई थी। ये मिशन भारत की नई रक्षा प्रणाली को लेकर है, जिसके तहत भारत अपने दुश्मनों के हवाई हमलों से न केवल बचेगा बल्की उलटा वार भी करेगा। अब इसी मिशन में रूस ने भी दिलचस्पी दिखाई है। दरअसल, रूसी दूतावास के मिशन उप-प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने इस बात का जिक्र किया है। उन्होंने भारत के आयरन डोम मिशन सुदर्शन चक्र डिफेंस सिस्टम में रूसी साझेदारी की बात की। बाबुश्किन ने उम्मीद जताई कि इस सिस्टम के विकास में रूसी उपकरण शामिल होंगे। इस बीच एक आश्चर्यचकित करने वाला पल भी हुआ, जब अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत करते हुए रोमन बाबुश्किन ने हिंदी में सभी का स्वागत किया। बाबुश्किन ने मीडिया से बातचीत शुरू करते हुए कहा, शुरुआत करेंगे... श्री गणेश करेंगे! प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोमन बाबुश्किन ने भारत पर अमेरिकी टैरिफ पर भी बयान दिया। उन्होंने भारत के रूसी तेल खरीदने को रोकने के लिए अमेरिकी दवाब को गलत बताया।

## जम्मू-पठानकोट हाईवे पर बस हादसाः वैष्णो देवी जा रहे एक श्रद्धालु की मौत, 40 घायल



**सांबा।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक बस हादसा हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 40 यात्री घायल हो गए। ये सभी यात्री उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जा रहे थे। जानकारी सामने आई कि यह हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी बस (रजिस्ट्रेशन नंबर- यूपी 81 बीटी 7688), कठुआ से कटरा की ओर जा रही थी। जिला सांबा के जतवाल क्षेत्र में अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए आगे आए और बचाव कार्य शुरू किया।

सभी घायलों को जिला अस्पताल सांबा पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से 8 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एम्स विजयपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

## मैंने परिवार निपटा दिया, अब नजर नहीं आऊंगा, मां-बाप और भाई को आखिरी सांस तक ईंट-पत्थर से कुचला



दक्षिणी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक युवक ने अपने पूरे परिवार को खत्म कर दिया। आरोपी ने अपने माता-पिता और बड़े भाई की बेरहमी से हत्या की है। आगे पूरी घटना के बारे में विस्तार से जानिए। यह घटना दक्षिणी दिल्ली के खरक रिवाड़ा गांव में कल रात को हुई। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। आरोपित ने तीनों बेरहमी से तीनों की हत्या की। उसने धारदार हथियार से तीनों के गले पर वार किए। इसके अलावा ईंट-पत्थर से वार किए। पुलिस को मौके से धारदार हथियार व ईंट-पत्थर भी मिले हैं। रजनी का मुंह कपड़े से बंधा हुआ था।उसका भाई व पिता निजी कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने तीनों के शवों का बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। मेडिकल बोर्ड के द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज में आरोपित गली से बाहर जाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस का शक सिद्धार्थ पर जब ज्यादा गहरा गया, तब एक युवक ने बयान दिए। उसके एक साथी ने बताया कि आज शाम को सिद्धार्थ उससे मिला था। सिद्धार्थ ने उससे कहा कि आज उसने अपना पूरा परिवार निपटा दिया। आज के बाद गांव में नजर नहीं आएगा। पुलिस ने संबंधित युवक के बयान भी दर्ज कर लिये हैं। इसके अलावा आरोपित की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी ने दाखिल किया नामांकन, राहुल गांधी भी रहे मौजूद



**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

इंडी गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। हाल के दिनों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके नाम का ऐलान किया था। बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। दरअसल, उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन के लिए आज आखिरी दिन है। इससे पहले एनडीए की तरफ से सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया था।बी सुदर्शन रेड्डी के नामांकन के दौरान उनके साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी नेता मौजूद रहे। अपने नामांकन से पहले INDIA गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि संख्याएं मायने नहीं रखती हैं। उन्होंने कहा कि बेशक मुझे उम्मीद है। हालांकि, मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं हूं लेकिन मुझे विश्वास है कि सभी लोग मेरा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैनें पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह विचारधारा की लड़ाई है। उल्लेखनीय है कि इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव में दो ही उम्मीदवारों के नाम सामने आए हैं। एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन हैं, तो वहीं विपक्ष की ओर से बी सुदर्शन रेड्डी हैं। दोनों के बीच 9 सितंबर को चुनावी मुकाबला होना है। बता दें कि चुनाव के परिणाम वोटिंग वाले दिन ही आ जाएंगे।

## सीएम साय जापान और साउथ कोरिया के लिए हुए रवाना



**रायपुर।** सीएम साय जापान और साउथ कोरिया के लिए रवाना हुए। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, रायपुर में शुभकामनाएं देने पहुँचे मेरे सम्माननीय सहयोगी कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम , टंकराम वर्मा , गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब एवं विधायक पुरंदर मिश्रा का हृदय से आभार। माना एयरपोर्ट में उन्होंने कहा, आज जापान और साउथ कोरिया का प्रवास है...जापान और साउथ कोरिया में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और फूड प्रोसेसिंग, इन तीनों क्षेत्रों में अच्छा काम है और छत्तीसगढ़ में भी इस क्षेत्र में अपार संभवानाएं हैं। हम अपने प्रदेश की नई उद्योग नीति को लेकर जा रहे हैं और यहां निवेश के लिए उद्यमियों को आमंत्रित करेंगे दरअसल, सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार जापान के ओसाका में 13 अक्टूबर 2025 तक वर्ल्ड एक्सपो 2025 आयोजित हो रही है। इसमें छत्तीसगढ़ अपनी धरोहर और विकास यात्रा का प्रदर्शन करेगा।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
:- परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## वलसाड में भारी बारिश में बह गई कार, बाल-बाल बचा एक शख्स, पत्नी और बच्चे सहित चार लोग लापता



**वलसाड।** गुजरात के वलसाड जिले में भारी बारिश ने कहर मचा रखा है। यहां देसाई क्रीक में एक कार बारिश में बह गई, जिसमें एक व्यक्ति को बचा लिया गया, जबकि उसकी पत्नी और बच्चे सहित चार अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, कार के चालक को बचा लिया गया, लेकिन उसकी पत्नी और बच्चे सहित दो अन्य लोगों का पता नहीं चल सका। पारडी तहसील की तहसीलदार किरण राणा ने एएनआई को बताया, बारिश के बाद, सड़क पर लगभग चार फीट पानी बह रहा था। एक 10 कार वहां फंस गई। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को बचा लिया, लेकिन कोशिश करने के बावजूद वे उसके बच्चे और पत्नी को नहीं बचा पाए। इसी वजह से एनडीआरएफ की टीम को वलसाड बुलाया गया। 20 लोगों की एक टीम आई। उन्होंने ढाई घंटे तक तलाशी ली, लेकिन कार नहीं मिली। वे कल सुबह 6 बजे तलाशी अभियान जारी रखेंगे। ड्राइवर को बाहर निकालने में मदद करने वाले एक स्थानीय निवासी प्रवीण भाई ने बताया कि शाम 7.30 बजे हमें सूचना मिली कि एक आदमी की कार यहां पानी में डूब रही है। हम तुरंत यहां आए। हमने तलाश की, लेकिन कोई नहीं मिला। फिर हमें उस आदमी की आवाज सुनाई दी जो हमें पुकार रहा था। हमने उसे बचा लिया। पिछले कुछ दिनों से गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। आईएमडी के अनुसार, कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सौराष्ट्र और कच्छ के साथ-साथ कल दक्षिण गुजरात क्षेत्र में अत्यधिक से लेकर असाधारण रूप से भारी वर्षा (30 सेमी से अधिक) के कुछ मामले सामने आए।

## रायपुर शहर में गणेश उत्सव को लेकर गाइडलाइन जारी

**रायपुर।** राजधानी में गणेश उत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने गाइडलाइन जारी की है। सड़क पर पंडाल लगाने से पहले गणेश उत्सव समितियों को प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। वहीं रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हर पंडाल में CCTV कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। एडिशनल उमाशंकर बंदे और एडिशनल एसपी लखन पटले ने गणेश उत्सव समितियों की बैठक ली। गणेश उत्सव के दौरान सभी समितियों को एनजीटी के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी पटले ने कहा, रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र वर्जित रहेगा। हर पंडाल में CCTV कैमरा अनिवार्य होगा। समितियां स्वयंसेवक तैनात करेंगी और रात में विशेष निगरानी करेंगी।



# जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत दोंदरों को मिला भारत सरकार से सम्मान

## कलेक्टर ने बधाई और शुभकामनाएं दी

**कोरबा ।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोंदरों को जलसंरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त करने के पश्चात जनपद पंचायत कोरबा सीईओ ने जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 06 श्रीमती ललिता बलराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य कौशल प्रसाद पटेल, ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच श्री बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमति उदमबाई कंवर व दोंदरो उपसरपंच श्रीमती प्रमिला मनहरण पटेल सहित अन्य ने कलेक्टर श्री अजीत वसंत से मुलाकात की और जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये गये प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी को बधाई देते हुए कार्यों की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी। जनपद सीईओ सुश्री कौशाम्बी गबेल ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखण्ड से एक ग्राम पंचायत को जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन करने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके परिपालन में ग्राम पंचायत दोंदरो का चयन किया गया। दिनांक 13.08.2025 को ग्राम पंचायत दोंदरो सरपंच श्री बंधन सिंह कंवर व पूर्व सरपंच श्रीमती उदमबाई कंवर जनपद पंचायत कोरबा से रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं रायपुर एयरपोर्ट से हवाई जहाज के माध्यम इन दोनों को भारत सरकार की सुविधा पर दिल्ली पहुंचे। यहां जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र दिया गया।

# मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को सर्तक रहने के दिए निर्देश

## बीमारी -जैसे बुखार एवं उल्टी-दस्त होने पर स्वास्थ्य विभाग को उपचार करने और शिविर लगाने के निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा जिले में मौसमी बीमारियों जैसे बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने और शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम में जाकर पीड़ितों का उपचार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य विभाग को शिविर लगाने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पीड़ितों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने तथा लापरवाही सामने आने पर कार्यवाही की हिदायत दी है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के प्रत्येक क्षेत्र में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है जिसके अनुपालन में प्रत्येक स्तर के स्वास्थ्य केन्द्रों तथा मैदानी क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन व डिपोहोल्डर्स के पास जीवनरक्षक दवाईयों की उपलब्धता तथा सतत औषधियों की प्रतिपूर्ति व्यवस्था की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य अमलों के द्वारा शिविर लगाकर उपचार किया जा रहा है। मौसमी बीमारियों/महामारी के नियंत्रण हेतु जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर काम्बेट टीम का गठन किया गया है तथा उन्हें क्षेत्रों में सतत् भ्रमण कर निगरानी बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिये गए जो सूचना प्राप्त होते ही प्रभावित क्षेत्र में तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। किसी भी क्षेत्र में बुखार ,मलेरिया या उल्टीदस्त की शिकायत होने पर तत्काल मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को तुरंत सूचना दी जाये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी नें जनसामान्य को मौसमी बीमारियों जैसे डायरिया एवं मलेरिया से बचाव हेतु सदैव भोजन करने से पूर्व एवं शौंच के पश्चात हॉथों को साबुन से अच्छी तरह धोने, घरों के आस-पास स्वच्छता रखने, व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, खाने-पीने की वस्तुओं और पानी को हमेशा ढ़ककर रखने, बासी भोजन, सड़े गले फलों का सेवन नहीं करने व हमेंशा ताजे फलों और भोजन का सेवन करने, खाने और पकाने से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धोने, पीने के लिए हैण्डपंप का पानी का उपयोग करने तथा पानी को उबालकर एवं छानकार तथा पानी की शुद्धता के लिए क्लोरिन की गोली डालकर ही पीने के लिए उपयोग में लाने, कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डलवाने तथा जल स्त्रोत के पास कूड़ा-करकट, गंदे पानी एकत्र न होने देने, इस बात का ध्यान रखने कि मल विसर्जन घर से दूर तथा पीने के पानी के स्त्रोत से 25 मीटर से अधिक दूरी पर होना चाहिए। दस्त या बुखार होने पर तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन , डिपोहोल्डर अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में तत्काल निःशुल्क प्राथमिक उपचार लेने, दस्त होने की स्थिती में ओ.आर.एस.का घोल सेवन करने या नारियल का पानी, नमकीन लस्सी , नीबू की सिंकंजी , चावल का मांड, हल्की चाय, दाल का पानी का सेवन लगातार करते रहने, ये सभी उपाय शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने एवं इसे आदत में सुमार करने, सोने के पूर्व संभव हो तो शरीर में मच्छरनाशक क्रीम अथवा नीम तेल लगाने ताकि मच्छर न काट सके। घर अथवा घर के आस-पास कूलर, टायर, टूटे बर्तन अथवा अन्य कोई भी वस्तुओं में पानी जमने न देने, उल्टी दस्त से किसी भी मृत्यु होने पर उन घरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सहयोग से ब्लीचिंग पाउडर से शुद्धिकरण अवश्य कराने तथा घर के अन्य सदस्यों को भी उल्टी-दस्त की दवाईयॉ खिलाने, ग्राम में होने वाले सभी सार्वजनिक आयोजनों में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखने, कार्यक्रम के दौरान ताजा भोजन का उपयोग करने पर अमल करने की हिदायत दिये हैं। कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ-एस-एन.केशरी ने जिले की जनता से अपील की है कि उपरोक्तानुसार बातों पर अमल करें जिससे महामारी जैसी बीमारियों पर नियंत्रण किया जा सके तथा जिले में असामयिक मृत्यु को रोका जा सके।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर जिले को मौसमी बीमारी से मुक्त करने की दिशा में अमूल्य योगदान दें।

# विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर आयोजन की तिथि तय

## एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन 23 अगस्त को

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा शिविर एवं विकासखंड स्तरीय आंकलन शिविर आयोजित करने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकता निर्धारण के साथ यूनिक आईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना एवं सभी प्रकार के दिव्यांगता आधारित मूल्यांकन एवं परीक्षण किया जाना है। शिविर के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, जनपदों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एण्ड गाईड, समस्त शैक्षिक समन्वयक स्कूल शिक्षा विभाग और समस्त पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा को विभिन्न दायित्व सौंपा गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे शाम 04 बजे तक सीएसईबी सीनियर क्लब में किया जायेगा। इसी तरह विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन 25 अगस्त को बीआरसीसी कोरबा (अंधरीकछार), 28 अगस्त को बीआरसीसी पाली, 29 अगस्त को बीआरसीसी पोंड़ी उपरोड़ा, 30 अगस्त को बीआरसीसी कटघोरा और 01 सितंबर को बीआरसीसी करतला में किया जायेगा। सभी विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजन का समय प्रातः 10 बजे से अपरांह 03 बजे तक है।

# नगर सैनिक भर्ती, चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थित होने के निर्देश

**कोरबा ।** कोरबा जिले में छात्रावास ड्यूटी हेतु 65 महिला नगर सैनिक एवं जनरल ड्यूटी हेतु 25 नगर सैनिकों की भर्ती की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 01 सितंबर से 10 सितंबर तक कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा में उपस्थिति देने एवं वैध फोटो युक्त परिचय पत्र लाने निर्देशित किया गया है।

# खेत में जाकर कलेक्टर ने डिजीटल फसल सर्वे का किया अवलोकन



कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज भैंसमा तहसील के अंतर्गत ग्राम करमंदी में किसान भरतलाल और चमार साय के खेत पर पहुंचकर सर्वेयर एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे में लगे कर्मचारियों-पटवारियों को त्रुटि रहित एवं शुद्धता पूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिन गांवों में डिजीटल फसल सर्वे नहीं हो रहा है, उन गांवों में भी शुद्धतापूर्वक गिरदावरी के निर्देश दिये हैं।कलेक्टर श्री वसंत ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में जानकारियां भी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से किसानों द्वारा खेत में बोये जाने वाली फसलों एवं क्षेत्रफल की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत सर्वेयर द्वारा संबंधित खसरा नंबर में जाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे एप्प के माध्यम से संबंधित खेत का फोटो खीचकर इसकी प्रविष्टि की जाएगी। इससे फसल के रकबे को कम या अधिक लिखे जाने की संभावना समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को बहुत जरूरी लाभ प्राप्त हो सकेगा। इनमें किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए अब अपने दस्तावेजों का बार-बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही फसल से जुड़ी सारी अहम जानकारी भी किसानों को एक जगह मिल जाएगी। इससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचना आसान हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, तहसीलदार श्री के.के.लहरे सहित मोके पर कृषक उपस्थित थे।शासन द्वारा कोरबा जिला अंतर्गत 12 तहसीलों के 417 ग्रामों का जियो रिफ्रेसिंग किया जा चुका है। 30 सितंबर तक 417 ग्रामों के कुल 367864 खसरों का 951 सर्वेक्षकों द्वारा सर्वेक्षण एवं पटवारियों द्वारा अनुमोदन किया जाना है। अब तक कुल 367864 खसरों में से 2312 खसरों का सर्वेक्षकों द्वारा सर्वेक्षण किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री से मिले लखन जताया आभार

कोरबा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सौजन्य मुलाकात की। मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री साय को सार्वजनिक उपक्रम और वाणिज्यिक आबकारी विभाग का अतिरिक्त दायित्व दिए जाने पर आभार जताया।मुख्यमंत्री श्री साय को श्री देवांगन ने उनके जापान एवं दक्षिण कोरिया के प्रवास के लिए शुभकामनाएं दीं।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य की नई औद्योगिक नीति से छत्तीसगढ़ में तेज़ी से औद्योगिक विकास हो रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और राज्य आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।श्री देवांगन ने कहा कि निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ पसंदीदा राज्य बन चुका है। दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू के साथ ही रायपुर में भी इन्वेस्टर्स समिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। इन समिट के माध्यम से अब तक 6 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव राज्य को मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री की जापान एवं दक्षिण कोरिया की यात्रा से राज्य में औद्योगिक विकास और निवेश को गति मिलेगी।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल जारी

कोरबा, । अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल कोरबा जिले में भी तीसरे दिन जारी रही। इस दौरान, जिले के स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार का ध्यान खींचने के लिए एक अनूठा और प्रतीकात्मक कदम उठाया। उन्होंने अपनी मांगों को खून से लिखकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजा है।कोरबा के एनएचएम कर्मचारी पिछले तीन दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इन मांगों में प्रमुख रूप से नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों को दूर करना, संविदा कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं देना और अन्य लंबित मुद्दों का समाधान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है, जिसके कारण उन्हें मजबूरन यह रास्ता अपनाना पड़ा है।प्रदर्शन कर रहे एक कर्मचारी ने बताया, हमने कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना काम किया। हमें उम्मीद थी कि सरकार हमारे योगदान को पहचानेगी और हमारी मांगों को पूरा करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज भी हमें कम वेतन और असुरक्षित भविष्य के साथ काम करना पड़ रहा है।हड़ताल के तीसरे दिन, कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने खून की कुछ बूंदों का उपयोग कर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने अपनी पीड़ा और मांगों को विस्तार से बताया है।

# डीएमएफ तथा सीएसआर से होगा मड़वारानी धार्मिक स्थल का विकास, श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

## कलेक्टर ने किया मड़वारानी मंदिर परिसर का दौरा, समिति की मांग पर पेयजल, शेड निर्माण, हॉल और रेलिंग की दी सहमति



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा चाम्पा मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ मड़वारानी मंदिर स्थल का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर से संबंधित समिति के सदस्यों से चर्चा की। समिति की सदस्यों और अन्य ग्रामीणों द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराते हुए विभिन्न मांग रखी गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के समय यहाँ हजारों श्रद्धालुओं का आना होता है। इसके साथ ही अन्य दिनों में भी आसपास सहित दूरदराज के श्रद्धालु देवी के दर्शन सहित अपनी मनोकामना और आस्था के मद्देनजर आते हैं। यहाँ उन्हें विश्राम और लंबी कतार होने पर गर्मी के दिनों में धूप में तथा बारिश के दिनों में बारिश में खड़ा होना पड़ता है। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या भी उतपन्न होती है। कलेक्टर श्री वसंत ने स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर समिति के सदस्यों केसे आई मांग को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर को संवारने सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक मांगो पर सहमति दी। कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास मद और सीएसआर से श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए तीन शेड निर्माण, एक हॉल, दर्शनार्थियों के कतारबद्ध होने के लिए स्टील की रेलिंग और छायादार शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। कलेक्टर द्वारा श्रद्धालुओं के हित में अनेक निर्माण कार्यों की सहमति मिलने पर सभी ने आभार जताया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को मड़वारानी मंदिर परिसर में पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पेयजलापूर्ति के लिए भी पहल करने की बात कही है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे और जनपद सीईओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मसीही समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में मसीही समाज द्वारा अपने समाज के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है कोरबा में भी मसीही समाज ने धरना प्रदर्शन कर चर्च और पूजा घरों में की जाने वाली तोड़फोड़ व मारपीट का विरोध करते हुए राज्यपाल के नाम कोरबा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।घंटाघर से लेकर सुभाष चौक और वहां से लेकर कोसा बाड़ी तक बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सुबह से ही तैनात कर दिए गए थे। पता चला कि मसीही समाज बड़ी संख्या में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करने वाला है। कहा जा रहा था कि 50 हजार से अधिक लोग एकत्रित होंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ और कुछ सौ लोग ही सुभाष चौक पर एकत्रित हुए।मसीही समाज के लोगों ने बताया कि संविधान में हमें जो अधिकार दिए गए हैं उसके तहत ही हम पूजा आराधना भी करते हैं लेकिन धर्म परिवर्तन के नाम पर उनके साथ मारपीट की जा रही हैकोरबा क्षेत्र वेलफेयर एसोसिएशन समिति की अध्यक्ष रेवेन सीमा गोस्वामी ने कहा कि भारतीय संविधान में किसी भी नागरिक को अपने धर्म के अनुसार पूजा प्रार्थना और आराधना करने का मौलिक अधिकार प्राप्त है । वे सब भी इसी का ही पालन करते हैं लेकिन कोरबा समेत प्रदेश के अन्य जिलों में अगर चर्च अथवा घर में प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है तो वहां असामाजिक तत्व हंगामा करने पहुंच जाते हैं और आराधना में शामिल लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है । कभी-कभी तो गाली गलौज और मारपीट तक की जाती है। मसीही समाज इसकी कड़ी निंदा करता है और शासन से अपनी सुरक्षा की मांग करता है।मसीही समाज के इस आंदोलन को अपना समर्थन देने भीम आर्मी के लोग भी सुभाष चौक पहुंचे । भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े ने बताया कि पूरे विश्व में सबसे अच्छा संविधान भारतीय संविधान है। हम आजाद भारत के निवासी हैं लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा जातिवाद के नाम पर प्रताड़ित कर उनसे उनकी आजादी छीनी जा रही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है लेकिन धर्मांतरण के नाम पर मसीही समाज को निशाना बनाया जा रहा है । भीम आर्मी इसका कड़ा विरोध करता है ।

# बालको के परसाभाठा बाजार व चौक का होगा कायाकल्प

**कोरबा ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर बालकोनगर के परसाभांठा बाजार व चौक का कायाकल्प किया जाएगा, जीर्ण-शीर्ण शेड के स्थान पर नए शेड लगेंगे, पसरे दुरूस्त होंगे, बिजली पानी की पर्याप्त व्यवस्था होगी, बाजार का जीर्णोद्धार होगा एवं परसाभांठा चौक का सौदंर्यीकरण किया जाएगा, चौक की व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों एवं निगम की टीम के साथ परसाभांठा बाजार व चौक का निरीक्षण कर उक्त कार्यो का दायित्व बालको प्रबंधन को सौपा, जिस पर प्रबंधन द्वारा अपनी सहमति जताते हुए उक्त संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने को कहा गया।

?अपने नियमित प्रातः भ्रमण की कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय आज निगम के अधिकारियों की टीम के साथ नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोनांतर्गत विभिन्न स्थलों का दौरा किया, उन्हेने बालको प्रबंधन के अधिकारियों की उपस्थिति में परसाभांठा बाजार व चौक का निरीक्षण किया। बालको नगर का परसाभांठा बाजार वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण हालत में है, जिसके मरम्मत, जीर्णोद्धार व सौदंर्यीकरण के साथ वहॉ आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रबंधन के अधिकारियों से कहा कि वे अपने सी.एस.आर. मद से परसाभांठा बाजार में आवश्यक मरम्मत, सुधार व विकास कार्य करें, उन्हेने बाजार में पसरों की मरम्मत, नए शेड लगाने, पानी, बिजली की सुविधा मुहैया कराने एवं पसरों के बीच आने जाने के मार्ग का जीर्णोद्धार करने सहित अन्य विकास कार्य किए जाने के निर्देश दिए।

चौक का होगा सौदंर्यीकरण

बालकोनगर के परसाभांठा चौक की वर्तमान दशा ठीक नहीं है, चौक के चारों तरफ अनियंत्रित रूप से ठेले गुमठी व दुकानें संचालित हैं, जिन्हें व्यवस्थित करने की जरूरत है। उक्त चौक बालको प्लांट के मुख्य प्रवेशद्वार के सामने हैं, वहॉ से भारी वाहनों के साथ ही अन्य छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बहुतायत रूप से होता है, सड़क जीर्ण-शीर्ण हैं एवं चौक में अव्यवस्था का आलम है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे चौक का सौदंर्यीकरण कराएं एवं इस दिशा में आवश्यक निर्माण कार्य कर चौक में हाईमास्ट लाईट की स्थापना, सड़क की मरम्मत, जीर्णोद्धार, पेंटिंग पोताई व थीम आधारित चित्रकारी कर सौदंर्यीकरण आदि के कार्य कराएं। उन्होने कहा कि परसाभांठा बाजार के समीप वाहन पार्किंग का निर्माण भी किया जाए ताकि सड़क पर अनियंत्रित रूप से वाहन खड़े न हो।

आई.टी.आई.चौक स्थित बालको प्रवेशद्वार के समीप सड़क सौंदर्यीकरणआयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोरबा के आई.टी.आई.चौक के समीप बालको रोड पर स्थित प्रबंधन के प्रवेशद्वार के पास सड़क के किनारे खुले में मछली दुकानें लगाई जा रही है, प्रशासन द्वारा इन दुकानों को वहॉ से हटाकर विस्थापित किया जाएगा। उन्होने प्रबंधन से कहा कि वे सी.एस.आर. मद से सड़क के किनारे उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराएं, वहॉ ग्रील लगाकर स्थल को ग्रीन-बेल्ट के रूप में विकसित कर ते हुए थीम आधारित पेंटिंग पोताई आदि से स्थल को सौंदर्यीकृत कर जिस पर बालको प्रबंधन के अधिकारियों ने अपनी सहमति जताई।रजत जयंती वाटिका होगी स्थापित शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में रजत जयंती वाटिका की स्थापना की जाएगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस हेतु बालको जोनांतर्गत चेकपोस्ट लालघाट स्थित मंदिर के पीछे स्थित मैदान का निरीक्षण किया तथा रजत जयंती वाटिका हेतु स्थल का चयन करते हुए उन्होने मैदान के चारों ओर पूर्व में लगे वृक्षों के अतिरिक्त वृक्षारोपण कर ग्रीन-बेल्ट बनाने, पाथवे का निर्माण करने, स्थल को वाटिका के रूप में सजाने संवारने व सौदंर्यीकृत करने की दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होने वहॉ पर स्थित ओपनजिम के उपकरणों की मरम्मत करने के साथ-साथ वहॉ पर स्थापित पानी टंकी से निकलने वाले जल के प्रबंधन हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने को कहा ताकि पानी टकी से उत्सर्जित जल से वहॉ पर कीचड़ न हों।

## अशोक वाटिका के संचालन पर उठाया सवाल

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने अशोक वाटिका के संचालन पर फिर से सवाल खड़ा किया है । उन्होंने कहा है कि अशोक वाटिका में मार्निंग वॉक एवं योगाा केन्द्र का आम जन सुबह 5 बजे से 9 बजे तक निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकते हैं लेकिन शाम के समय वॉक एवं योगा करने वालों का क्या होगा । अशोक वाटिका के संचालन के लिए अर्बन पब्लिक सोसायटी के द्वारा ठेका कंपनी को सौंपा गया है, जिसने वाटिका में प्रवेश के लिए प्रवेश शुल्क एवं वाहन पार्किंग शुल्क लगाकर संचालन किया जा रहा है। जबकि निगम प्रशासन को चाहिए कि इस वाटिका में पूरे समय निःशुल्क आना जाना आमजनों का रहे। ऐसी व्यवस्था देनी चाहिए। जिसने भी ठेका लिया है क्या उसने पहले नहीं सोचा होगा इसका विरोध होगा तो क्या करना होगा सुबह 5 बजे से 9 बजे तक निःशुल्क सुविधा पहले से सोची समझी साजिश का हिस्सा रहा है। श्री साहू ने बताया कि एक फिल्म में राजेश खन्ना मुख्य मंत्री थे । तो होटल व्यवसायियों ने उनसे रोटी के दाम बढ़ाने की मांग रखी तो मंत्री राजेश खन्ना ने व्यापारियों से पूछा अभी एक रोटी के क्या दाम है ? व्यापारियों ने बताया साहब एक रोटी के दो रूपये है इसे बढ़ाकर चार रूपये कर दीजिए । तब मंत्री महोदय ने कहा जाओ आज से एक रोटी का दाम दस रूपये कर दिया।व्यापारी तो खुश हो हुए लेकिन आमजन नाराज हो गए और इसका विरोध कर दिया। तब मंत्री ने रोटी के दाम दस रूपये से घटाकर पांच रूपये कर दिया जिससे जनता में नाराजगी कम हो गई लेकिन व्यापारी फिर खुश हो गये। ठीक ऐसा ही खेल यहां खेला गया है। अशोक वाटिका का संचालन बिल्कुल मुफ्त होना चाहिए । कोरबा की जनता को परिवार का हिस्सा मानने वाले मंत्री को चाहिए कि अशोक वाटिका के प्रवेश में लगे शुल्क पूरी तरह हटवाते हुए पूरे समय के लिए निःशुल्क करें।

# युवक लापता: नदी के पुल पर मिले मोबाइल-बाइक



**जांजगीर-तनौद।** जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद के पास शिवनाथ नदी पर बने पुल से एक युवक 19 अगस्त की रात से लापता है। पुल पर उसकी बाइक और मोबाइल मिलने से नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है। युवक की तलाश में गोताखोरों की टीम लगातार खोजबीन कर रही है। तनौद निवासी कौशल श्रीवास(23) कोरबा में प्राइवेट नौकरी करता है। वह 15 अगस्त को घर आया था। मंगलवार की शाम वह घूमने निकला था। रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 7 बजे कमरीद के पास शिवनाथ नदी पुल पर उसकी बाइक और मोबाइल मिला। परिजन ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार को रेस्क्यू टीम नदी में उसकी तलाश में जुटी रही।कहा था- खाना बनाकर रखना, कुछ देर में आऊंगा युवक कौशल श्रीवास रोज की तरह सामान्य व्यवहार कर रहा था। शाम को वह घर से घूमने के लिए निकला।

देर शाम उसने घर पर फोन किया और परिजनों से कहा कि खाना बनाकर रखो, कुछ देर में घर पहुंचता हूं। इसके बाद वह नहीं लौटा। देर रात तक इंतजार के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

# स्कूल में शिक्षक नहीं, स्टूडेंट्स ने गेट पर लगाया ताला



**मालखरौदा।** पीएम श्री सेजेस हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालय मालखरौदा में शिक्षकों की कमी को लेकर बुधवार सुबह छात्रों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। सुबह 7 बजे से छात्र-छात्राएं और पालक स्कूल के सामने धरने पर बैठ गए। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन तब खत्म हुआ, जब जिला शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया।विद्यालय में कुल 109 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। पढ़ाई के लिए केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं। एक शिक्षक को कई विषय पढ़ाने पड़ते हैं। इससे सभी विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों ने बताया कि एक शिक्षक को एक समय में एक ही विषय पढ़ाना होता है। ऐसे में बाकी विषयों की पढ़ाई रुक जाती है। छात्रों और पालकों ने 4 अगस्त को शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन दिया था।इसमें 18 अगस्त तक शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की थी। चेतावनी दी थी कि तय समय तक शिक्षक नहीं मिले तो 20 अगस्त को स्कूल में ताला जड़कर धरना देंगे। इसके बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बुधवार को छात्र-छात्राएं और पालक स्कूल पहुंचे। गेट पर ताला लगाया। हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी शुरू की। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग हरकत में आया। जिला शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जल्द शिक्षकों की नियुक्ति का आश्वासन दिया।

इसके बाद छात्र-छात्राओं और पालकों ने धरना समाप्त किया।सप्ताह भर के भीतर शिक्षक लाने के आश्वासन पर माने जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कुमोदनी द्विवेदी को दी गई। उनके द्वारा मौके में पहुंचकर वस्तु स्थिति को देखते हुए एक सप्ताह के भीतर शिक्षकों की व्यवस्था करने आश्वासन दिया।

# प्रभारी सहायक निरीक्षक हुए सम्मानित



**नवापारा-राजिम।** रायपुर जिले के नगरी निकाय क्षेत्र में राजस्व वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नवापारा नगर पालिका परिषद के प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा को रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। यह सम्मान श्री मिश्रा को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सराहनीय योगदान के लिए मिला। श्री मिश्रा को सम्मान मिलने पर नवापारा नगर पालिका के सीएमओ लवकेश पैकरा, अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, चतुर जगत तथा सभी सभापति, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारों ने बधाई दी।

# अच्छे काम के लिए वेदांता प्लांट के कर्मचारी सम्मानित

**सक्ती।** वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) प्रबंधन द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सिंघीतराई में अधिग्रहित 1200 मेगावॉट विद्युत संयंत्र की 600 मेगावॉट क्षमता वाली पहली इकाई का प्रचालन हाल ही में शुरू हुआ है।संयंत्र परिसर में मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने ध्वजारोहण किया। वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि विश्वसनीय और सतत ऊर्जा प्रदान कर वे भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। यूनिट 1 के शुभारंभ की सफलता ऊर्जा व्यवसाय को आगे बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।समारोह में औद्योगिक सुरक्षा, सुरक्षा, हॉस्पिटैलिटी और मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को देवेंद्र कुमार पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों सम्मानित किया गया। प्रशासन प्रमुख एवं उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र झा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण प्रमुख प्रियरंजन त्रिवेदी ने किया।



# भवानी बने सक्ती भाजपा के मंत्री



**सक्ती ।** भारतीय जनता पार्टी ने सक्ती जिले के वार्ड क्रमांक-3 राजापारा निवासी भवानी प्रसाद तिवारी को जिला मंत्री नियुक्त किया है। वे पिछले 25 वर्षों से पार्टी की सक्रिय राजनीति से जुड़े हैं। इससे पहले वे भाजपा सक्ती नगर मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री और भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। सक्ती शहर की राजनीति में उनका प्रभाव माना जाता है। राजापारा वार्ड में उनकी सक्रियता के चलते भाजपा ने पिछले दो-तीन कार्यकालों में पार्षद पद पर जीत दर्ज की है। जिला मंत्री बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। भवानी तिवारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।

# लिमतरा ग्राम पंचायत में भोजली का विसर्जन किया

सक्ती। सक्ती 7 ग्राम पंचायत लिमतरा में भोजली विसर्जन का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच मालती भारद्वाज ने पारंपरिक तरीके से भागीदारी निभाई। गांव की महिलाओं ने भी इस भोजली विसर्जन में शामिल होकर सहभागिता की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंच, सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# छग स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह का आयोजन

**सक्ती ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनगुढा में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रधान पाठक सुशीला कवर ने छत्तीसगढ़ स्थापना पर जानकारी दी। बच्चों ने रंगोली, भाषण और पारंपरिक सुआ गीत में भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षक राजेन्द्र कवर, शशिकांत राउतराय और सुरेश महादेवा मौजूद रहे। शाला नायक कुमारी दिव्या, आकांक्षा, रागिनी, सोनिया, उत्तम, सूरज, शालिनी और अभिषेक पटेल ने आयोजन में सहयोग दिया।




# संगीतमय नंदोत्सव:झूमते रहे भक्त

**सक्ती।** श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर इस वर्ष भी गोकुल की तर्ज पर नंदोत्सव का आयोजन जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जे के जिलाध्यक्ष और लक्ष्य श्री समाज सेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन राठौर ने अपने कान्हा निवास पर किया।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन भागवताचार्य पंडित उत्तम मिश्रा ने संगीतमय नंदोत्सव पर इस बार श्री कृष्ण लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य ने श्री कृष्ण जन्म और भगवान श्री कृष्ण की अन्य लीलाओं का बहुत ही सुंदर ढंग से कथा श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप-अत्याचार अधिक होता है तो भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना के लिए धरती पर आते हैं।ठीक इसी तरह धरती से पाप का भार उतारने भगवान श्री कृष्ण के रूप में अवतार लिए। भगवान का जन्म कारागृह में भाद्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अर्धरात्रि के समय कारागृह में माता देवकी के आठवें पुत्र के रूप में प्रकट हुए। महाराज ने माखन चोरी लीला का विस्तार से वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण ने कुछ समय गोकुल में लीला की और इसके बाद वृंदावन में अनेक लीलाएं की।



# श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजे बच्चों ने दी प्रस्तुति




**सक्ती।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजकर प्रस्तुति दी। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक वर्ग के बच्चों ने कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा, आरती और जयकारों के साथ हुई।अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उषा अग्रवाल, समाजसेविका सरोज राजेश अग्रवाल, महिला मोर्चा शक्ति नगर मंडल की पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंदी कसेरा मौजूद रहीं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, सहसचिव डमरुधर देवांगन, सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल, प्राचार्य पुरन गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बच्चों की प्रस्तुतियों को अतिथियों ने सराहा। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। सुमन अग्रवाल और उषा अग्रवाल ने कहा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरी दुनिया में धूमधाम से मनाई जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सभी को प्रेरणा देती हैं। यह दिन उत्साह और उल्लास का प्रतीक है। महिला समिति की अन्य सदस्यों ने भी बच्चों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों और बच्चों का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण हुआ। पूरे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा।

# स्काउट्स-गाइड्स का प्रशिक्षण शिविर शुरू



सक्ती। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्देशन में सक्ती जिला संघ द्वारा 18 से 24 अगस्त तक बेसिक यूनिट लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम, अड़भार में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्यपाल डॉ. रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सांसद बृजमोहन अग्रवाल के संरक्षण में संचालित हो रहा है।प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षकों ने पंजीयन कर प्रशिक्षण में भाग लिया। ध्वज शिष्टाचार के साथ सत्र की शुरुआत हुई। प्रशिक्षुओं को टोली में बांटकर स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर स्काउट लीडर और रेंजर लीडर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। राज्य मुख्यालय द्वारा संचालक मंडल का गठन किया गया है, जिसमें दिगंबर सिंह कौशिक (कोरबा), अक्षय सतपथी (रायगढ़), डॉक्टर धनमत महंत (जांजगीर), साहिना परवीन (रायपुर) सहित कई अनुभवी प्रशिक्षक शामिल हैं।

शिविर ज्वाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास चौबे और विशिष्ट अतिथि लकेश्वर श्याम, रमेश देवांगन, मिलेन्द्र पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन कमलादपी गबेल ने किया और आभार जिला सचिव भानु लाल महंत ने व्यक्त किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त राम नारायण सायतोडा, सुनीता चौहान, चंद्रकांत राठिया सहित सभी यूनिट लीडर्स शिविर को सफल बनाने में सक्रिय हैं।

# तहसीलदारों के बाद अब पटवारियों ने किया ऑनलाइन काम का बहिष्कार

**जांजगीर।** सोमवार से पटवारियों ने ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार शुरू कर दिया है। पटवारियों का कहना है कि 11 साल से शासन द्वारा ऑनलाइन कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी थीं क यदि 15 अगस्त तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो 16 अगस्त से सभी ऑनलाइन कार्य पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे।वर्तमान में भुइयां पोर्टल के माध्यम से बी-वन, नक्शा दुरुस्ती, नामांतरण और शासकीय भूमि की जानकारी ग्रामीणों को आसानी से मिल जाती है। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं- एग्रीटेक, जिओ रिफ्रेशिंग और कृषि संगणना मोबाइल एप भी इन्हीं माध्यमों से संचालित हो रही हैं। लेकिन आवश्यक संसाधनों के अभाव में पटवारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों का आरोप है कि शासन ने संसाधन भत्ता देने की घोषणा तो की थी, लेकिन आज तक इसका लाभ उन्हें नहीं मिला। इसी कारण अब वे एकजुट होकर ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया है। ऑनलाइन काम का बहिष्कार होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कैशलैस चिकित्सा सेवा कर्मी संघ ने की हुई बैठक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ कैशलैस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में अब तक किए गए प्रयासों पर संतोष जताया गया। तय हुआ कि अगले माह दुर्ग में संघ के बैनर तले सम्मेलन सह संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संघ ने राज्य के सभी कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए कैशलैस मेडिकल योजना लागू करने की मांग की है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-III/E&T/W/T-209/25/2469 Marwa, dtd.19-08-2025

**NOTICE INVITING E- TENDER No.: - TN-129/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Due Time of submission of bid | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/EE-III/E&T/W/T-209/25 | 8100045801 | Award of work contract for supply and laying of power cable in place of defective power cable atdifferent locations of CSPGCL colony at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 18.09.2025 15.30 Hrs | Rs. 590/- (500/- + GST @18%) | Rs. 9,300/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION | O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

एस-44968/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -16**

**(प्रथम बार)**

क्रमांक/8315/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2025 कोरबा,दिनांक 19.08.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में ''द'' वर्ग या उससे उपर श्रेणी में पंजीकृत (विद्युत) ठेकेदारों से निम्न दर्शित विद्युतीकरण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग, द्वारा जारी एवं 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 03.09.2025 समय 17.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. कार्य का नाम :- जोनल टेण्डर (वित्तीय वर्ष 2025-26) जिला कोरबा के विकासखण्ड कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत विभिन्न प्रकार के भवनों में विद्युतीकरण कार्य हेतु
2. ठेके की अनुमानित लागत :- रू. 20.00 लाख (प्रत्येक जोनल हेतु)
3. निविदा की धरोहर राशि :- रू. 15000.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)
4. निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)
5. निविदा प्रपत्र Download/Submitt करने की अंतिम तिथि व समय :- 03.09.2025 समय 17.30 बजे तक
6. निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंचने की अंतिम तिथि व समय :- 10.09.2025 समय 17.30 बजे तक
7. निविदा खोलने की तिथि :- 11.09.2025 समय 11.00 बजे से

**2/** निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) तथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 19.08.2025 समय 15.30 बजे से देखी जा सकती है।

**(ए.के.जोगी)**
**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

जी-252602893/3

## अनमोल वचन......

कमाओ-कमाते रहो और तब तक कमाओ, जब तक महंगी चीज सस्ती न लगने लगे....

# असहनीय सीमा तक पहुंची समस्या

*आवारा पशुओं के मामले में न्यायपालिका को दखल देना पड़ा है, तो जाहिर है कि समस्या ऐसी असहनीय सीमा तक पहुंच गई है, जब इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। वरना, भविष्य में लोगों को इसकी और महंगी कीमत चुकानी पड़ेगी।*

*सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के नगरपालिका अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे आठ हफ्तों के अंदर राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों से अवारा कुत्तों को हटाएं। कोर्ट ने इन कुत्तों के लिए खास शेल्टर बनाने का निर्देश दिया है। उधर राजस्थान हाई कोर्ट ने आवारा कुत्तों एवं अन्य पशुओं को सड़कों से हटाने का आदेश नगर निकायों को दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि इस काम में कोई रुकावट डालता है, तो नगर निकाय अधिकारी एफआईआर दर्ज कराने जैसे कानूनी कदम उठा सकते हैं। इन दोनों आदेशों के तर्क को समझा जा सकता है। आवारा कुत्तों के हमलों में हाल में अनेक जानें गई हैं। 2024 में देश भर में आवारा कुत्तों के काटने के 37 लाख मामले दर्ज हुए। यह इस समस्या का सही आईना नहीं है, क्योंकि आम तौर पर ऐसी घटनाओं को लेकर लोग पुलिस के पास नहीं जाते।*

*दिल्ली में आवारा कुत्तों के हमले में एक बच्चे की दर्दनाक मौत से आहत सुप्रीम कोर्ट ने अपनी तरफ से इस मामले का संज्ञान लेते हुए उपरोक्त आदेश दिया है। इस बीच हाल के वर्षों में एक्सप्रेस-वेज से लेकर गली-मोहल्लों तक की सड़कों पर आवारा पशुओं का विचरण बड़ी समस्या बन चुका है। इन पशुओं के कारण सड़क हादसों की खबर अक्सर आती है। इसलिए कहा जाएगा कि न्यायपालिका ने वाजिब हस्तक्षेप किया है। मगर क्या इस हस्तक्षेप से इस समस्या से सचमुच राहत मिल पाएगी ये सवाल इसलिए उठता है, क्योंकि आखिर नगर प्रशासन आवारा कुत्तों का क्या करेगा बताया जाता है कि दिल्ली में चार से आठ लाख तक आवारा कुत्ते हैं। उनके लिए हजारों शेल्टर बनाने होंगे।*

*उसके लिए जमीन और धन कहां से आएंगे फिर आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या के पीछे सशक्त राजनीतिक कारण हैं। उस राजनीति के कर्ता-धर्ता न्यायपालिका की भावना समझेंगे, इसकी संभावना बहुत उज्ज्वल नहीं है। बहरहाल, इन मसलों पर न्यायपालिका को दखल देना पड़ा है, तो उससे जाहिर है कि ये समस्या ऐसी असहनीय सीमा तक पहुंच गई है, जब इस पर सबको गंभीरता से ध्यान देना होगा। वरना, भविष्य में लोगों को इसकी और भी महंगी कीमत चुकानी होगी।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से कोई मनपसंद सामान खरीदेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगों का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। इस राशि की महिलाएं अपने बिजनेस में एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं, साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जिस प्रकार से क्षमता बढ़ेगी, उस प्रकार से बड़े अवसर भी मिलेंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से विवाद की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम प्रोग्राम बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे ।

**तुला राशिः** आज आपका खुशहाल रहेगा। काम को पूरा करने में आ रही अड़चन आज समाप्त होंगी। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है, उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आज कोई नया प्रोजेक्ट आपको मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतरी के लिए आप किसी से हेल्प ले सकते हैं। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप तनाव की स्थिति में आ सकते हैं। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। इस राशि के अविवाहितों के चल रही रिश्ते की बात जल्द पक्की हो जाएगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप कोइ नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। कृषकों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी आज अगर कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांती मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी। आज घर के सभी सदस्यआपकी तरक्की से खुश होंगे, आपकी इनकम में वृद्धि होगी।

**मीन राशिः** आज आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा। इस राशि के बिजली विभाग के कर्मचारियों का आज दिन अच्छा रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग और सफलता मिलती रहेगी।

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष

//ललित गर्ग//

**लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है।**

यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं। हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा। विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है। पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है। विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है। लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती है। आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज़ है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है।

लोकतंत्र की शक्ति केवल सरकार में नहीं बल्कि एक सशक्त और रचनात्मक विपक्ष में भी निहित होती है। विपक्ष लोकतांत्रिक ढांचे का आवश्यक स्तंभ है, जो सत्ता पर निगरानी रखता है, नीतियों में कमियों को उजागर करता है और जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाता है। लेकिन जब विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी को भूलकर केवल नकारात्मक राजनीति पर उतर आए, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होने लगती है और देश की छवि तथा स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आज भारत का विपक्ष जिस तरह संसद को ठप करने, व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार और असंवेदनशील आचरण पर आमादा है, उसने लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। संसद सत्र, जहाँ जनता की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए, वहाँ विपक्ष का रवैया अवरोध पैदा करने वाला अधिक दिखता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा के बजाय नारेबाज़ी और वॉकआउट आम बात हो गई है। यह स्थिति केवल सरकार ही नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए घातक है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विपक्ष ने रचनात्मक भूमिका निभाई है तो लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। 1977 में आपातकाल के विरोध से लेकर 1989 तक विपक्ष ने लोकतंत्र को बचाने और पुनर्जीवित करने का कार्य किया। लेकिन 2014 के बाद से जिस तरह विपक्ष अपरिपक्व, निरंतर बिखरा हुआ, नेतृत्वविहीन और नकारात्मक एजेंडे पर केंद्रित रहा है, उसने लोकतांत्रिक संस्कृति को आघात पहुँचाया है।

विदेशी ताकतें हमेशा से भारत की आंतरिक कमजोरी का फायदा उठाने की फिराक में रहती हैं। जब विपक्ष सरकार की नीतियों का विरोध करने के नाम पर राष्ट्र-विरोध, राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की कार्रवाई या विदेश नीति तक पर सवाल उठाने लगता है, तो इसका सीधा लाभ पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को मिलता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करना विपक्ष का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से हालात यही इशारा कर रहे हैं। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को 'विघटन' में बदल देना खतरनाक है। विपक्ष को याद रखना होगा कि उसकी जिम्मेदारी केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि देश की स्थिरता और विकास को सही दिशा देने की भी है। अगर विपक्ष अपने दायित्वों को नकारात्मक राजनीति में खोता रहा तो यह न केवल उसके लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा। आज समय की मांग है कि विपक्ष आत्ममंथन करे, अपनी नीतियों और रणनीतियों को परखे तथा केवल विरोध के लिए विरोध करने की बजाय वैकल्पिक दृष्टि और ठोस समाधान प्रस्तुत करे। यही सच्चे लोकतंत्र का तकाज़ा है और यही राष्ट्रहित का मार्ग।

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र

//हरदीप एस पुरी//

**मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित-ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र - छोड़ा गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे— साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों —और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।**

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और नो गो क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में नो गो क्षेत्रों को लगभग 99 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है। ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है—हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है। लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं, एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें। राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60 प्रतिशत का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है।दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गई है, नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है। महत्वाकांक्षा को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है ।

## तस्वीरों की दुनिया



हनोई, वियतनाम में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और वियतनाम तटरक्षक बल (वीसीजी) के बीच छठी उच्च स्तरीय बैठक (एचएलएम)।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में '24वें दरबारी सेठ स्मारक व्याख्यान' में भाग लिया।




झामुमो सांसद महुआ माजी और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।



दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और प्रवेश वर्मा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ उनके आवास पर बैठक के बाद बाहर निकलते हुए। रेखा गुप्ता के कार्यालय ने बताया कि बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कैंप कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान गुप्ता पर हमला हुआ।



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा अपने पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के साथ नई दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती हुईं।



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के पीज गांव में बादल फटने से आई बाढ़ में कीचड़ और मलबे में फंसे वाहन।



गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल के सामने अंतिम संस्कार के दौरान मंगलवार को कक्षा 10 के एक छात्र की उसके जूनियर छात्र ने मामूली कहासुनी के बाद कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

# 200 किलो गांजा लेकर बिहार आ रहे थे कुछ लोग... नेपाल की सीमा लांघते पकड़ी गई नशे की बड़ी खेप, सशस्त्र सीमा बल ने बिछाया जाल

**अररिया, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 56वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की टीम को बुधवार को बड़ी कामयाबी मिली। टीम ने सूचना पर दो क्विंटल (दो सौ किलो) गांजा को जब्त किया। एसएसबी की इस कार्रवाई में तस्कर फरार हो गया। उक्त कार्रवाई समवाय जोगबनी के बीओपी तेलयारी कार्यक्षेत्र के कोचगामा गांव के पास की है। जहां विशेष नाका टीम ने नेपाल से भारत लाई जा रही 200 किलो गांजा की खेप जब्त कर लिया।वहीं जवानों को देख तस्कर समान फेंक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 183 के पास, भारत सीमा से करीब 100 मीटर अंदर की गई। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि जब्त गांजा को आवश्यक औपचारिकता के बाद जोगबनी थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।भारत-नेपाल के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दोनों देश के सुरक्षा अधिकारी व जवान सतर्क हैं। इसी कड़ी में एसएसबी कमांडेंट महेंद्र प्रताप की पहल पर एसएसबी 52वीं वाहिनी सी कंपनी सिकटी तथा नेपाल एपीएफ़ के अधिकारियों ने सीमा प्रबंधन तथा सुरक्षा से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की। साथ हीं सिकटी कंपनी के सहायक उप निरीक्षक रमेश चंद्र तथा नेपाल एपीएफ के निरीक्षक खगेन्द्र छापवगेन्द्र की संयुक्त टीम ने जवानों के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग कर नो मेंस लैंड स्थित पिलरों का जायजा लिया। सीमा पर सभी आनेजाने वालों की बारीकी से जांच की जा रही थी। इसके बाद दोनों देश के सुरक्षा अधिकारी ने सीमा स्तंभ संख्या 160 से 161 तक लगभग चार किमी के एरिया में संयुक्त गश्ती चलाकर सीमा सुरक्षा का जायज़ा लिया।सीमा की सुरक्षा को लेकर अराजक तत्व से निपटने, सीमा से अवैध सामानों की तस्करी व रोकथाम तथा दोनों देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से संभावित खतरों से बचने के लिए सीमा की महत्वपूर्ण जानकारियां एक दूसरे से साझा की। अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल का खुला बार्डर होने के नाते सीमा पर हर आने जाने वालों पर नजर रखना कठिन होता है। इसीलिए सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नेपाल पुलिस व भारतीय जवान के सहयोग से हीं ऐसे खतरों से बचाया जा सकता है। इस पेट्रोलिंग में एसएसबी की ओर बलबीर सिंह, सौरभ कुमार पांडे, राजेश कुमार प्रसाद तो एपीएफ नेपाल से चक्र बहादुर बस्नेत, देवेंद्र राजवंशी, कौशल खत्री सहित अन्य कार्मिक शामिल रहे।राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष रामपुर दक्षिण वार्ड संख्या 10 निवासी यासीन अंसारी को मोबाइल पर एक लाख रुपया की रंगदारी मांगने एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।




मामले में राजद नेता के आवेदन पर स्थानीय थाना में केस दर्ज किया गया हैं। पीड़ित ने बताया है कि वर्तमान में वह राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ट का जिला उपाध्यक्ष है। विगत 16 अगस्त को करीब 11 बजे रात्रि में वह अपने घर मे सोया था। तभी उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन कर उससे एक लाख रूपये की मांग की गई और रूपया नहीं देने पर हत्या की धमकी दी गई।17 अगस्त को दिन में 10.55 बजे काल करके बोला गया कि तुमको कई बार कह चुका हूं कि एक लाख रूपया पहुंचा दो। जब पूछा कि आप कहां से बोल रहे हैं, मुझे रूपया कहां पहुंचाना हैं। तब वह व्यक्ति बोला कि तुम मो. हामीद तैय्यबी उर्फ मन्टू अंसारी को तुरंत रूपया पहुंचा दो नहीं तो तुम्हारी हत्या करवा देंगे। दर्ज केस में उसको मुखिया उरफान का बाडीगार्ड बनने एवं धमकी देने का भी पीड़ित ने जिक्र किया है। आवेदन में पीड़ित ने हामीद तैय्यबी उर्फ मंटू अंसारी पर हत्या कराने की षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने आवेदन के आलोक में केस दर्ज करने की बात कही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## भारत-रूस के बीच चार साल में बढ़ा पांच गुना व्यापार, मॉस्को में एस जयशंकर बोले- जल्द दूर रहो व्यापार असंतुलन

**मॉस्को।** भारत- अमेरिकी के बीच बढ़ते तनाव के बीच एस जयशंकर इन दिनों रूस की राजधानी मॉस्को में है। यहां उन्होंने आईआरआईजीसी वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया।इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और रूस के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 2021 में 13 अरब अमेरिकी डॉलर से पांच गुना से भी अधिक बढ़कर 2024-25 में 68 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, और व्यापार असंतुलन को तत्काल दूर किया जाना चाहिए।भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26वें सत्र में बोलते हुए, एस जयशंकर ने कहा कि आईआरआईजीसी वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है, जिसके इस वर्ष के अंत तक आयोजित होने की उम्मीद है।जयशंकर ने कहा कि नवंबर 2024 में नई दिल्ली में हुए पिछले सत्र के लगभग 10 महीने बाद हम यहां मिल रहे हैं, और मुझे लगता है कि दोनों सत्रों के बीच यह शायद अब तक का सबसे छोटा अंतराल है। पिछले चार वर्षों में, जैसा कि आपने देखा होगा, वस्तुओं के क्षेत्र में हमारा द्विपक्षीय व्यापार पांच गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। यह 2021 में 13 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 68 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और यह लगातार बढ़ रहा है।

# संविधान संशोधन विधेयक को विपक्ष ने संघवाद और लोकतंत्र के लिए बताया खतरे की घंटी, सरकार की नीयत पर सवाल उठाए सवाल



**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

गंभीर आपराधिक आरोपों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहने पर उन्हें पद से हटाने का प्रविधान करने वाले विधेयकों ने संसद में तीखा राजनीतिक टकराव खड़ा कर दिया है। विपक्ष ने इन्हें लोकतंत्र विरोधी और संविधान के आत्मा के विरुद्ध बताया है।

इन विधेयकों को विपक्ष ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर संकट करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन्हें संविधान का काला अध्याय बताते हुए कहा कि सरकार ताकत के बल पर जनविरोधी कानून थोपना चाहती है, लेकिन विपक्ष इस मनमानी को बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे कठोर और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रविधान का सहारा लेकर किसी भी मुख्यमंत्री पर केस दर्ज किया जा सकता है, चाहे दोष सिद्ध हो या नहीं। यह संविधान की भावना के विरुद्ध होगा। विधेयकों के विरोध में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि यह संघवाद और लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने इसे सुपर आपातकाल से भी ज्यादा घातक बताया और कहा कि सत्ता पक्ष का यह कदम एक व्यक्ति, एक दल एवं एक सरकार को सशक्त बनाने का षड्यंत्र है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसे विपक्ष को दबाने के हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआइएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार देश को पुलिस राज्य में बदलने के लिए संविधान में संशोधन कर रही है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी विधेयक को संविधान के मूल ढांचे पर सीधा आघात करार दिया।उन्होंने कहा कि यह प्रविधान प्रधानमंत्री को सुपर बॉस बना देगा। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही पदच्युत किया जाना न्यायशास्त्र के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा, क्योंकि जब तक दोष सिद्ध न हो, किसी भी जनप्रतिनिधि को हटाना कानून के मूलभूत सिद्धांतों से खिलवाड़ है।

## म्यांमार की सेना ने दो साल बाद डेमोसो पर फिर से किया कब्जा, जमीनी-हवाई हमले करके पाई कामयाबी

**बैंकाक।** म्यांमार की सेना ने लगभग दो साल बाद पूर्वी कयाह राज्य के एक शहर पर फिर से कब्जा कर लिया है। कयाह राज्य के डेमोसो पर पुनः कब्जा ऐसे समय में हुआ है जब सेना ने हाल के महीनों में जमीनी स्तर पर और हवाई हमलों के माध्यम से अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं।यह घटना 28 दिसंबर को होने वाले चुनावों से पहले हुई है। डेमोसो को करेनी के नाम से भी जाना जाता है। म्यांमार की राजधानी नेपीता से लगभग 110 किलोमीटर पूर्व में स्थित डेमोसो फरवरी 2021 में आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सेना द्वारा सत्ता हथियाने के बाद से म्यांमार के गृहयुद्ध का केंद्र बिंदु रहा है। बुधवार को सरकारी म्यांमार अलिन समाचार पत्र में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि डेमोसो पर सेना ने 16 दिनों के अभियान के बाद मंगलवार को कब्जा कर लिया।

# दिवाली-छठ के लिए 12 हजार स्पेशल ट्रेन, टिकट पर भी बड़ी छूट का ऐलान

**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

दीपावली और छठ जैसे त्योहारों पर बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष तैयारी की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि अगले दो महीनों में देशभर से बिहार की ओर 12 हजार से अधिक विशेष ट्रेन सेवाएं चलाई जाएंगी। इन अतिरिक्त फेरों से लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।अश्विनी वैष्णव जब यह घोषणा कर रहे थे तब रेल भवन में उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद संजय झा और सांसद डा. संजय जायसवाल मौजूद थे।रेल मंत्री ने बताया कि इस बार पहली बार ÷रिटर्न जर्नी डिस्काउंट स्कीम भी प्रयोग के तौर पर लागू की जा रही है।इसके तहत यात्री यदि 13 से 26 अक्टूबर के बीच आगे की यात्रा करेंगे और 17 नवंबर से एक दिसंबर के बीच वापसी करेंगे तो रिटर्न टिकट पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। त्योहारों के दौरान बिहार लौटने वाले प्रवासी यात्रियों के लिए यह योजना काफी उपयोगी होगी।बिहार को ध्यान में रखते हुए कई नई ट्रेनों और परियोजनाओं की भी घोषणा की गई।

## न्याय मिलने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी, मानहानि के मामले पर बोले आरजी कर कांड की पीड़िता के पिता

**कोलकाता 21 अगस्त।** तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष द्वारा बुधवार को मानहानि का मुकदमा दायर करने के कुछ ही घंटों बाद आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के पिता ने कहा कि हम उन्हें महत्व नहीं देना चाहते। न्याय मिलने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। नोटिस मिलने के बाद हमारे वकील मानहानि के मुकदमे का जवाब देंगे।कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट में दर्ज मानहानि का मुकदमा पीड़िता के पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से यह आरोप लगाने के बाद दर्ज किया गया है कि श्री घोष ने पैसे देकर मामले का समाधान करने के लिए बंगाल सरकार और सीबीआई के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।घोष का आरोप है कि पीड़िता के पिता की ओर से उन्हें लगातार उद्देश्यपूर्ण तरीके से बदनाम करने की कोशिशों की जा रही है। बीते मंगलवार को कुणाल घोष के अधिवक्ता ने पीड़िता के पिता को एक कानूनी नोटिस भेजा था। उसमें चार दिनों के भीतर मीडिया को बुलाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा गया था। अन्यथा, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। समयसीमा पूरी हो जाने के बाद यह मुकदमा दायर किया गया।

# कोलकाता में प्रदर्शन के दौरान ISF समर्थकों-पुलिस में झड़प, विधायक सिद्दीकी समेत कई हिरासत में लिए गए



**कोलकाता, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वक्फ बिल और भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीडन् के विरोध में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) द्वारा बुधवार को कोलकाता के धर्मतल्ला में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पार्टी समर्थकों और पुलिस के बीच जमकर हाथापाई व झड़प देखने को मिली।इसके चलते पूरा इलाका कुछ देर तक रणक्षेत्र बना रहा। स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। वहीं, बिना अनुमति धरना देने और मार्च निकालने के आरोप में पुलिस ने विधायक नौशाद सिद्दीकी सहित 15 आइएसएफ समर्थकों को हिरासत में ले लिया।झड़प की शुरुआत उस वक्त हुई जब विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आइएसएफ के एकमात्र विधायक नौशाद सिद्दीकी पर कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी ने घूंसा मार दिया, जिससे विधायक जमीन पर गिर पड़े और घायल हो गए। इसके बाद उनके समर्थक आक्रोशित हो गए। समर्थकों ने विरोध जताते हुए पुलिस से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग किया गया।अधिकारी ने दावा किया कि नौशाद सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ों आइएसएफ कार्यकर्ताओं ने मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड क्षेत्र में वाई चैनल पर प्रदर्शन किया, वाहनों की आवाजाही बाधित की और पुलिस के साथ हाथापाई की।

इसके चलते विधायक और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।वहीं, आईएसएफ विधायक ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हमने इसके लिए पुलिस से पूर्व अनुमति मांगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रशासन ने अनुमति नहीं देकर अपना दोहरा चेहरा दिखाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का हमारा अधिकार छीना जा रहा है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर पुलिस द्वारा सड़क पर इस तरह हमला करना बेहद शर्मनाक है। आईएसएफ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए राज्य प्रशासन से पुलिस की कार्रवाई पर जवाब मांगा। कोलकाता पुलिस की उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि व्यस्त मार्ग पर यातायात की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए हमें आईएसएफ द्वारा लगाए गए अवरोध को हटाने के वास्ते न्यूनतम बल प्रयोग करना पड़ा।उन्होंने कहा कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही।

# पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र उपयोग नहीं कर पाएंगे भारतीय विमान, प्रतिबंध 23 सितंबर तक बढ़ाया

**लाहौर।** पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध 23 सितंबर तक बढ़ा दिया। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है, जिसमें पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर प्रतिबंध को एक महीने के लिए बढ़ाने की घोषणा की गई है। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा कि भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित सभी विमानों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध भारत के स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए सैन्य और नागरिक विमानों पर भी लागू रहेगा।पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर यह प्रतिबंध सबसे पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। इस कदम से भारतीय विमानों के पाकिस्तानी क्षेत्र में उड़ान भरने पर रोक लग गई। कुछ दिनों बाद 30 अप्रैल को भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी विमानों और एयरलाइनों के लिए हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। इस प्रतिबंध को पहली बार 23 मई को बढ़ाया गया था।

# भिवानी की मनीषा केस में नया मोड़, मौत से पहले दोस्त से रात 2 बजे तक की थी चैटिंग, वॉट्सऐप से हुआ नया खुलासा

**भिवानी।** मनीषा की मौत के मामले में जजपा नेता एवं आंदोलन कमेटी के सदस्य विजय गोठड़ा ने एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि मौत से पहली वाली रात मनीषा की अपने एक दोस्त के साथ वॉट्सऐप पर लंबी चैट हुई थी। यह चैट रात दस से लेकर देर रात करीब दो बजे तक हुई।चैटिंग में उसी तरह के रोमन शब्दों का प्रयोग किया हुआ है, जिसमें सुसाइड नोट लिखा हुआ है। रोहतक में पोस्टमार्टम कराने वाले दिन उनके साथ दो विशेषज्ञ भी थे जिन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को पूरी तरह समझा और स्वजन व कमेटी को जानकारी दी।उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग का मिलान उसके घर से मिले मनीषा के नोट्स और उसके स्कूल में जमा करवाए पत्र से किया गया है। जोकि एक जैसे हैं। साथ ही दावा किया कि यह सब मनीषा के स्वजन को पता है। कोई भी आत्महत्या जैसा कदम आसानी से नहीं उठाता। इसके पीछे कोई न कोई बड़ी वजह होती है।हालांकि, गोठड़ा ने यह भी कहा कि चैट को सार्वजनिक नहीं करना चाहिए। गोठड़ा के दावे पर मनीषा के स्वजन की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस संबंध में एक प्रशासनिक अधिकारी ने जागरण संवाददाता से चैट मिलने की बात को स्वीकारा है। मगर यह भी कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ऐसी बात बाहर नहीं आनी चाहिए थी।मनीषा की मौत को लेकर बिगड़ी स्थिति के लिए जजपा नेता गोठड़ा ने पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है।



उनका कहना है कि पुलिस की टाइमिंग गलत रही। अगर समय रहते पुलिस सबूतों को सार्वजनिक कर देती तो यह स्थिति नहीं बनती। 13 अगस्त को शव मिलने के साथ ही सुसाइड नोट मिल गया था।16 अगस्त को यह भी पता लग गया था कि मनीषा ने एक दुकान से पेस्टीसाइड (कीटनाशक) खरीदा था। ये बातें पुलिस लोगों को उसी वक्त बताती रहती तो लोग धीरे-धीरे सोचते। मगर पुलिस ने एकदम से सारी चीजें बताईं जो लोगों को हजम नहीं हुई।तब तक यह एक बड़ा मुद्दा बन चुका था।

# महाराष्ट्र चुनाव डाटा में हेरफेर का मामला, CSDS को कारण बताओ नोटिस देगी ICSSR

**नईदिल्ली, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) हेरफेर वाले चुनावी आंकड़े जारी करके अनुदान नियमों के उल्लंघन के लिए सेंटर फार द स्टडी आफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) को कारण बताओ नोटिस जारी करेगी।परिषद ने कहा कि उसने सीएसडीएस द्वारा आंकड़ों के कथित हेरफेर और निर्वाचन आयोग की शुचिता को कमजोर करने के लिए एक नैरेटिव गढ़ने के प्रयास का संज्ञान लिया है। चुनाव विश्लेषक और सीएसडीएस के प्रोफेसर संजय कुमार ने रविवार को एक्स पर पिछले साल के महाराष्ट्र चुनावों से संबंधित दो विधानसभा सीटों के मतदाता आंकड़े साझा किए और मंगलवार को उन्हें हटा दिया।उन्होंने माइक्रोब्लागिंग मंच पर गलत आंकड़े पोस्ट करने के लिए माफी भी मांगी। पोस्ट में दावा किया गया था कि राज्य विधानसभा चुनावों में दो सीटों पर मतदाताओं की संख्या में 2024 के आम चुनावों की तुलना में उल्लेखनीय कमी आई है। दोनों चुनाव लगभग छह महीने के अंतराल पर हुए थे। आईसीएसएसआर सामाजिक विज्ञान और मानव विज्ञान में अनुसंधान के लिए सरकार की सर्वोच्च संस्था है। सीएसडीएस को आईसीएसएसआर द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। परिषद ने एक बयान में कहा-आईसीएसएसआर के संज्ञान में आया है कि परिषद द्वारा वित्तपोषित शोध संस्थान सीएसडीएस में एक जिम्मेदार पद पर आसीन एक व्यक्ति ने सार्वजनिक बयान दिया था, जिसे बाद में वापस लेना पड़ा। बयान में महाराष्ट्र में चुनावों के संबंध में आंकड़ों के विश्लेषण में गड़बड़ी का जिक्र किया गया था। इसे आईसीएसएसआर के अनुदान नियमों का घोर उल्लंघन बताते हुए परिषद ने कहा कि वह सीएसडीएस को कारण बताओ नोटिस जारी करेगी।भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद केंद्र के विकासशील समाजों के अध्ययन के लिए उसके अनुदान नियमों के उल्लंघन के लिए शो-कॉज नोटिस जारी करेगा, जिसमें हेरफेर किया गया चुनाव डेटा जारी किया गया है, अधिकारियों के अनुसार। परिषद ने कथित डेटा हेरफेर और भारत के चुनाव आयोग की पवित्रता को कमजोर करने के लिए एक कथा बनाने के प्रयास को गंभीरता से लिया है। यह निर्णय सीएसडीएस द्वारा हाल ही में किए गए सोशल मीडिया पोस्ट के बाद आया है, जिसने विवाद को जन्म दिया है।संजय कुमार, एक चुनावी विश्लेषक और इस थिंक-टैंक के प्रोफेसर, ने रविवार को एक्स पर पिछले साल के राज्य चुनावों से संबंधित महाराष्ट्र के दो विधानसभा सीटों के मतदाता डेटा को साझा किया। हालांकि, उन्होंने मंगलवार को इसे हटा दिया और एक अन्य पोस्ट में, माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर गलत डेटा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी। आईसीएसएसआर सामाजिक और मानव विज्ञान में अनुसंधान के लिए सरकार का सर्वोच्च निकाय है। सीएसडीएस को आईसीएसएसआर द्वारा समर्थन प्राप्त है। आईसीएसएसआर ने एक बयान में कहा, आईसीएसएसआर को यह जानकारी मिली है कि सीएसडीएस में एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति ने मीडिया में ऐसे बयान दिए हैं जिन्हें बाद में वापस लेना पड़ा, महाराष्ट्र में चुनावों के संबंध में डेटा विश्लेषण में गड़बड़ी का हवाला देते हुए। इसके अलावा, संस्थान ने भारत के चुनाव आयोग द्वारा अभ्यास की पक्षपाती व्याख्या के आधार पर मीडिया कहानियां प्रकाशित की हैं।



आईसीएसएसआर भारतीय संविधान को सर्वोच्च सम्मान देता है। भारत का चुनाव आयोग एक उच्च संवैधानिक निकाय है जो दशकों से दुनिया की सबसे बड़ी लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित कर रहा है, इसमें जोड़ा गया। आइसीएसएसआर के अनुदान नियमों के गंभीर उल्लंघन के रूप में इसे मानते हुए, परिषद ने संस्थान को शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। संजय कुमार के पोस्ट में राज्य चुनावों में दो विधानसभा सीटों पर मतदाता संख्या में महत्वपूर्ण कमी का दावा किया गया था, जो 2024 के आम चुनावों की तुलना में थी, जो लगभग छह महीने के अंतराल पर आयोजित किए गए थे।हालांकि मूल पोस्ट हटा दी गई थी, कुमार ने एक्स पर एक माफी पोस्ट की, जिसमें कहा, मैं महाराष्ट्र चुनावों के संबंध में पोस्ट किए गए ट्वीट्स के लिए ईमानदारी से माफी मांगता हूं। 2024 के लोकसभा और 2024 के विधानसभा चुनावों के डेटा की तुलना करते समय त्रुटि हुई।

# पुतिन ने अलास्का के शख्स को दिया 22 हजार डॉलर का तोहफा, यूक्रेन युद्ध से थे परेशान!

**मॉस्को, 21 अगस्त [एजेंसी]।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अलास्का के एक व्यक्ति को 22 हजार डॉलर की नई मोटरसाइकिल उपहार में दी। उसका एक वीडियो रूसी सरकारी मीडिया में प्रसारित हो रहा था, जिसमें उसने शिकायत की थी कि यूक्रेन युद्ध के कारण उसकी सोवियत काल की बाइक की मरम्मत महंगी हो गई है।अलास्का में ट्रंप-पुतिन बैठक से एक दिन पहले रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को सीसीसीपी लिखा एक सफेद स्वेटशर्ट पहने देखा गया था, जो रूसी भाषा में यूएसएसआर का संक्षिप्त नाम है। एंकोरेज के एक सेवानिवृत्त अग्निशमन निरीक्षक मार्क वारेन ने बताया कि पिछले हफ्ते पुतिन-ट्रंप की बैठक के तुरंत बाद रूसी दूतावास के एक अधिकारी ने उन्हें एक नई यूराल बाइक की चाबी सौंपी।दरअसल, नौ अगस्त को एंकोरेज में वारेन सोवियत काल की मोटरसाइकिल पर काम से बाहर जा रहे थे। उसकी दौरान एक रूसी टीवी क्रू ने उन्हें रोका और उनकी गाड़ी की तारीफ की। साथ ही उनसे पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन और युद्ध के आर्थिक प्रभाव के बारे में सवाल किया। वारेन ने बताया कि रूस पर लगे कई प्रतिबंधों के कारण उनकी बाइक के स्पेयर पार्ट्स की मरम्मत मुश्किल और महंगी हो गई है। कुछ दिनों बाद वारेन को पत्रकारों का फोन आया और बताया गया कि उनका वीडियो रूस में प्रसारित हो रहा है और पुतिन का ध्यान इस ओर गया है। उन्होंने शुरुआत में 22,000 डॉलर की नई बाइक देने के वादे को एक घोटाला समझा।

## प्रभास बहुत बड़े स्टार, फिर भी पहले सी मासूमियत बरकरार: श्रीदेवी विजयकुमार



अभिनेत्री श्रीदेवी विजयकुमार निर्देशक वेंकटेश निम्मालापुडी की अपकमिंग तेलुगु फिल्म सुंदरकांड में नारा रोहित के साथ मुख्य भूमिका में फिर से वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी दोस्ती आज भी प्रभास के साथ वैसी ही है जैसी पहली थी।

अभिनेत्री ने सुपरस्टार प्रभास की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भले ही प्रभास आज बड़े पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं, लेकिन उनकी दोस्ती आज भी पहले जैसी ही है। बता दें, श्रीदेवी विजयकुमार ने बतौर बाल कलाकार अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन प्रभास के साथ उनकी पहली फिल्म ईश्वर में उन्होंने मुख्य नायिका के रूप में डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्देशन जयंत सी. परांजी ने किया था।

सुंदरकांड के प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीदेवी से प्रभास के साथ उनकी दोस्ती के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, प्रभास के साथ मेरी दोस्ती आज भी पहले जैसी ही है। प्रभास अब एक बड़े स्टार बन चुके हैं, लेकिन वे जरा भी नहीं बदले। श्रीदेवी ने बताया कि प्रभास आज भी वैसे ही मुस्कुराते हैं और उसी मासूमियत से बात करते हैं जैसे पहले किया करते थे। उन्होंने बताया कि जब वे ईश्वर फिल्म कर रहे थे, तभी पूरी टीम को यह अहसास हो गया था कि प्रभास एक बहुत बड़े स्टार बनेंगे।

एक्ट्रेस ने कहा, हम सबको ईश्वर के समय ही पता चल गया था कि प्रभास एक सुपरस्टार बनेंगे। जब हम फिल्म की सक्सेस टूर पर गए थे, तब वहां पर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी। प्रभास हमारी उम्मीद से भी बड़े स्टार बन गए हैं।

अपनी वापसी और फिल्म सुंदरकांड के बारे में श्रीदेवी ने कहा, मुझे दोबारा फिल्मों में आकर बहुत खुशी हो रही है। हर एक्टर चाहता है कि उसे एक अच्छा किरदार मिले। इस फिल्म में मेरा किरदार बहुत सार्थक है। दर्शक के तौर पर मुझे यह फिल्म बहुत पसंद आई। इसका आउटपुट कमाल का है। यह ताजा और नया कंटेंट है।

सुंदरकांड का निर्माण संतोष चिन्नापोल्ला, गौतम रेड्डी और राकेश महंकाली द्वारा संदीप पिक्चर पैलेस (एसपीपी) बैनर के तहत किया जा रहा है। यह फिल्म 27 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बालों की तेजी से वृद्धि के लिए जरूरी हैं ये 5 विटामिन, डाइट में करें शामिल

**बालों की तेजी से वृद्धि के लिए विटामिन्स अहम भूमिका निभाते हैं। ये न केवल बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं, बल्कि उन्हें चमकदार और स्वस्थ भी रखते हैं। विटामिन-ए, विटामिन-बी, विटामिन-सी, विटामिन-डी और विटामिन-ई बालों की बढ़त के लिए जरूरी हैं। इन विटामिन्स के सेवन से बालों की गुणवत्ता में सुधार होता है और वे टूटने से भी बचते हैं। आइए जानते हैं कि बालों को तेजी से बढ़ाने के लिए किन विटामिन्स का सेवन करना चाहिए।**



विटामिन-ए

विटामिन-ए बालों को मजबूत बनाता है और उन्हें टूटने से बचाता है। यह सिर की त्वचा को ताजा रखता है और बालों को नमी प्रदान करता है। गाजर, पालक, कद्दू और आम जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन-ए से भरपूर होते हैं। इनका सेवन आपके बालों की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है। इसके अलावा आप विटामिन-ए की गोलियों का सेवन भी कर सकते हैं, लेकिन इन्हें लेने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

विटामिन-बी

विटामिन-बी बालों की बढ़त के लिए बहुत जरूरी है। यह बालों की जड़ों तक खून का संचार बढ़ाता है जिससे बाल तेजी से बढ़ते हैं। दही, हरी सब्जियां और साबुत अनाज विटामिन-बी के अच्छे स्रोत होते हैं। इसके अलावा आप केले, एवोकाडो और बादाम जैसे खाद्य पदार्थों का भी सेवन कर सकते हैं। विटामिन-बी के नियमित सेवन से बालों की गुणवत्ता में सुधार होता है और वे टूटने से भी बचते हैं।

विटामिन-सी

विटामिन-सी एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है जो बालों को मजबूत बनाता है और उन्हें टूटने से बचाता है। यह सिर की त्वचा को ताजा रखता है और बालों को नमी प्रदान करता है। संतरा, नींबू, अमरूद और स्ट्रॉबेरी जैसे फल विटामिन-सी से भरपूर होते हैं। इनका सेवन आपके बालों की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है। इसके अलावा आप विटामिन-सी सप्लीमेंट्स का सेवन भी कर सकते हैं, लेकिन इन्हें लेने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

विटामिन-डी

विटामिन-डी बालों की जड़ों तक ऑक्सीजन पहुंचाता है जिससे वे स्वस्थ रहते हैं और तेजी से बढ़ते हैं। धूप में बैठना या विटामिन-डी की गोलियां लेना इसके लिए अच्छा होता है। दूध, संतरे का रस और मशरूम भी विटामिन-डी के अच्छे स्रोत होते हैं। इसके अलावा आप मछली के तेल का भी सेवन कर सकते हैं। विटामिन-डी के नियमित सेवन से बालों की गुणवत्ता में सुधार होता है और वे टूटने से भी बचते हैं।

विटामिन-ई

विटामिन-ई एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है जो बालों को मजबूत बनाता है और उन्हें टूटने से बचाता है।

यह सिर की त्वचा को ताजा रखता है और बालों को नमी प्रदान करता है। बादाम, सूरजमुखी के बीज, पत्तेदार सब्जियां और एवोकाडो जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन-श्व के अच्छे स्रोत होते हैं। इनका सेवन आपके बालों की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है। इसके अलावा आप डॉक्टर की सलाह अनुसार विटामिन-ई सप्लीमेंट्स का सेवन भी कर सकते हैं।



## हॉरर से डर लगता था, लेकिन टीम की मदद से आसान हुआ सफर: प्राजक्ता कोली

कंटेंट क्रिएटर और अभिनेत्री प्राजक्ता कोली हालिया रिलीज साइकोलॉजिकल-हॉरर स्ट्रीमिंग सीरीज अंधेरा को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का कहना है कि वह हॉरर या पैरानॉर्मल जॉनर से ज्यादा अवगत नहीं थीं, लेकिन उनकी टीम की मदद से सब कुछ मुमकिन हो गया।

प्राजक्ता सीरीज में एक पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह हॉरर शैली से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं। शो की शुरुआत में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन शो के निर्माता और निर्देशक की मदद से उन्होंने जल्दी ही खुद को संभाल लिया और अच्छा काम किया।

अभिनेत्री ने बताया, मैं हॉरर जॉनर के लिए बिल्कुल नई थी; मैं डरावनी फिल्में या शोज नहीं देखती। इसलिए इसकी कहानी को अच्छे-से समझने के लिए शो के क्रिएटर गौरव और डायरेक्टर राघव सर से लंबी बातचीत करती थी। शूटिंग के दौरान सीन से पहले और सीन के बीच में अगर कोई सवाल होता था, तो हम खुलकर बात करते थे। सेट पर माहौल काफी शानदार था, जिससे मुझे काम करना आसान लगा।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं हमेशा से ही इस बारे में विचार करती हूं, कि अगर किसी सीन की शूटिंग करनी है, तो उससे संबंधित डायलॉग को गहराई के साथ समझें, इससे काम करने में आसानी हो जाती है। लेकिन इस सीरीज की शूटिंग के दौरान मुझे ज्यादा समझने में या विचार करने की जरूरत नहीं पड़ी और इसकी वजह थे, लेखक और डायरेक्टर। उन्होंने कहानी और किरदारों को इतनी अच्छी तरह से लिखा था कि हमें अपने रोल निभाने में आसानी हुआ। वैसे सच बताऊं तो, मैंने द कॉन्जुरिंग (हॉलीवुड फिल्म) के अलावा किसी भी पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर कहानी नहीं देखी है।

अंधेरा मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें इंस्पेक्टर कल्पना कदम और मेडिकल स्टूडेंट जय की कहानी दिखाई गई है, जो एक लापता व्यक्ति के केस में उलझ जाते हैं। यह केस उन्हें शहर के नीचे छिपी एक भयावह शक्ति की ओर ले जाता है। यह सीरीज क्या होगा अगर अंधेरा जीवित हो जाए? जैसे काल्पनिक सवाल की खोज करती है। इसमें सुरवीन चावला और प्रिया बापट भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और राघव दार द्वारा निर्देशित यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

## बागी 4 का पहला गाना गुजारा जारी, हरनाज संधू के साथ इश्क फरमाते दिखे टाइगर श्रॉफ

बॉलीवुड स्टार टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग मूवी बागी-4 का इंतजार लोगों को बेसब्री से है। इस फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया था। इसमें टाइगर श्रॉफ का खूंखार अवतार देखने को मिला था। अब इस फिल्म का पहला रोमांटिक गाना गुजारा रिलीज हो गया है।

इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ अपने प्यार की चाहत में जुनून की हद पार करते दिखेंगे। इस सिचुएशन को ध्यान में रख रोमांस से भरपूर गीत गढ़ा गया है। आज इसे टी-सीरीज के यूट्यूब अकाउंट पर रिलीज कर दिया गया। गुजारा में हमें टाइगर श्रॉफ के किरदार का रोमांटिक पहलू दिखाई देता है, जबकि ट्रेलर में हमें उनका एक्शन अवतार देखने को मिला था।

गाने में उनके साथ हरनाज संधू भी हैं। वो इस फिल्म में रॉनी यानी टाइगर श्रॉफ की प्रेमिका के रोल में हैं। इस गाने में रॉनी अपने प्यार में खोया उसके लिए सब कुछ कुर्बान करने को तैयार दिखता है। यह गाना बताता है कि फिल्म में एक्शन की जगह एक प्यारी लव स्टोरी भी दिखाई देगी। कमेंट सेक्शन को देखने के बाद पता चल रहा है कि लोगों को ये गाना काफी पसंद आ रहा है। इसके बोल भी कमाल के हैं।

इसे जोश बरार और परंपरा ने गाया है। लिरिक्स जगदीप और कुमार के हैं। गाने का संगीत सलामत अली मतोई और जोश बरार ने दिया है।

साजिद नाडियाडवाला ने कहानी और पटकथा लिखी है। ए. हर्ष इसके निर्देशक हैं। बागी 4 जबरदस्त एक्शन, धमाकेदार ड्रामा और अराजकता से भरी फिल्म होगी। बागी 4 आगामी 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस गाने के सिंगर जोश बरार ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, जब साजिद नाडियाडवाला सर और भूषण सर ने इस गाने की लिरिक्स सुनी, तभी कह दिया था कि ये गीत बागी-4 में होगा। जो भरोसा उन्होंने मुझ पर दिखाया उसके लिए मैं तहे दिल से उनका आभारी हूं। टाइगर श्रॉफ और हरनाज संधू ने इसमें जान डाल दी है, मैं लोगों का इसके प्रति रुझान देखना चाहता हूं और इसे लेकर मैं काफी उत्सुक हूं।



# ऊन से बनाए जा सकते हैं ये 5 तरह के फूल, जानिए तरीका


ऊनी फूल बनाने की कला एक खूबसूरत शौक है, जो न केवल आपके घर को सजाने में मदद करता है, बल्कि आपके मन को भी खुश करता है। इन फूलों को बनाने के लिए आपको कुछ आसान तरीकों का पालन करना होगा। इस लेख में हम आपको कुछ प्रमुख ऊनी फूलों के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं और अपने शौक को नया रूप दे सकते हैं।

गुलाब के फूल

गुलाब के फूल बनाने के लिए सबसे पहले आपको गुलाबी या लाल रंग का ऊन चाहिए। इसे छोटे-छोटे गोलों में लपेटकर आप गुलाब की पंखुड़ियां तैयार कर सकते हैं। इन पंखुड़ियों को एक-दूसरे के ऊपर जोड़कर गुलाब का फूल बना सकते हैं। इसके बाद हरे रंग के ऊन से तने और पत्तियां बनाकर अपने गुलाब के फूल को पूरा करें। इस तरह का फूल आपके घर की सजावट में चार चांद लगा देगा।

सूरजमुखी

सूरजमुखी बनाने के लिए पीले और भूरे रंग के ऊन का उपयोग किया जा सकता है। सबसे पहले पीले ऊन से बड़े गोलाकार बनाकर उसे सूरजमुखी की पंखुड़ियों का आकार दें। इसके बाद भूरे ऊन से बीच का हिस्सा बनाएं, जिसमें काले या भूरे रंग के छोटे-छोटे गोले जोड़ें। इस प्रकार आप आसानी से अपने घर के लिए एक खूबसूरत सूरजमुखी तैयार कर सकते हैं, जो आपके घर की सजावट में नयापन लाएगा।



कमल का फूल

कमल का फूल बनाने के लिए गुलाबी या सफेद रंग का ऊन चाहिए। सबसे पहले बड़े गोलाकार बनाकर उन्हें पंखुड़ियों का आकार दें। इसके बाद छोटे-छोटे गोलाकार बनाकर उन्हें बीच में जोड़ें ताकि कमल का फूल तैयार हो सके। इस तरह से आप आसानी से अपने घर के लिए एक खूबसूरत कमल का फूल बना सकते हैं, जो आपके घर को एक नया रूप देगा और उसे आकर्षक बनाएगा।


लिली

लिली बनाने के लिए सफेद या पीले रंग का ऊन चाहिए। सबसे पहले बड़े गोलाकार बनाकर उन्हें पंखुड़ियों का आकार दें।

इसके बाद छोटे-छोटे गोलाकार बनाकर उन्हें बीच में जोड़ें ताकि लिली का फूल तैयार हो सके। ऐसे आप आसानी से अपने घर के लिए एक खूबसूरत लिली बना सकते हैं, जो आपके घर को एक नया रूप देगा और उसे आकर्षक बनाएगा।

ऑर्किड

ऑर्किड बनाने के लिए बैंगनी या सफेद रंग का ऊन चाहिए। सबसे पहले बड़े गोलाकार बनाकर उन्हें पंखुड़ियों का आकार दें, फिर बीच में छोटे-छोटे गोलाकार बनाकर उन्हें बीच में जोड़ें ताकि ऑर्किड का फूल तैयार हो सके। इस प्रकार आप आसानी से अपने घर के लिए एक खूबसूरत ऑर्किड बना सकते हैं, जो आपके घर को सजाने में मदद करेगा और उसे आकर्षक बनाएगा। इन सभी फूलों को बनाने के लिए आपको केवल थोड़ी-सी मेहनत करनी होगी।



## थामा का टीजर जारी, आयुष्मान-रश्मिका में दिखा रोमांस

स्त्री 2 के मेकर्स अपनी अगली हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा से चर्चा में हैं. 15 अगस्त फिल्म की पहली झलक दिखी थी और बीती 18 अगस्त को फिल्म से इसकी स्टार कास्ट आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल का फर्स्ट लुक सामने आया था. फिल्म की स्टार कास्ट का फर्स्ट लुक जारी करने के साथ-साथ मेकर्स ने अपने दर्शकों को जानकारी दी थी कि वह फिल्म से सरप्राइज गिफ्ट देंगे और अपने वादे को पूरा करते हुए मेकर्स ने आज दर्शकों के लिए वो सरप्राइज शेयर कर दिया है.1.49 मिनट के टीजर की शुरुआत रह पाओगी मेरे बिना सौ साल तक, 100 साल क्या एक पल भी नहीं रह पाऊंगी से होती और इसके बाद शुरू होता है, भूतिया खेल, में जिसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना एक भूतिया जंजाल में फंसे नजर आ रहे हैं. इसके बाद परेश रावल की छोटी सी एंट्री होती है और फिर भूतिया जगहों का दीदार कराया जाता है।

## कुली ने पार किया 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा, पांचवें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 5 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह एक्शन थ्रिलर फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। आलम यह है कि केवल 5 दिन में इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानें कुली ने पांचवें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया।

बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कुली ने रिलीज के पांचवें दिन 12 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह 5 दिन में इस फिल्म ने 206.50 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं। इस फिल्म ने 65 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था। दूसरे दिन इस फिल्म ने 54.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं तीसरे दिन यह 39.5 करोड़ रुपये और चौथे दिन 35.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। कुली के निर्देशन की कमान लोकेश कनगराज ने संभाली है, जिन्हें लियो और मास्टर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, सत्यराज और रचिता राम जैसे सितारे भी अहम भूमिका निभा रहे हैं, वहीं आमिर खान और पूजा हेगड़े ने भी फिल्म में कैमियो किया है। रजनीकांत इस फिल्म में देवा की भूमिका निभा रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -145

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# चिरमिरी में पीलिया का कहर

## तीन सप्ताह बाद पहुंची जांच टीम, दारू की बोतल में लिया गया पानी का सैंपल



**चिरमिरी।** नगर निगम चिरमिरी में पीलिया फैलने के तीन सप्ताह बाद आखिरकार रायपुर और अंबिकापुर से ड्रग एवं फूड सेफ्टी विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। टीम ने पोड़ी फिल्टर प्लांट, पानी की टंकियों और छोटी बाजार के प्रभावित इलाकों से पेयजल के नमूने इकट्ठे किए। सभी सैंपल को कोल्ड चैन सिस्टम से रायपुर भेजा गया है, जहां माइक्रो बायोलॉजिकल लैब में जांच की जाएगी। तीन दिनों में रिपोर्ट आने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, छोटी बाजार के करीब आधा दर्जन वार्डों में पीलिया का प्रकोप फैला हुआ है। पिछले तीन सप्ताह में 200 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं अब तक दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। फूड सेफ्टी ऑफिसर विनोद गुप्ता ने बताया कि पेयजल सैंपल की लैब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि पानी दूषित है या नहीं। जांच टीम की सैंपलिंग प्रक्रिया को लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चाएँ तेज हो गई हैं। दरअसल, टीम ने पानी का नमूना नामचीन कंपनी की अंग्रेजी शराब की बोतल में भरकर लिया। भले ही बोतल पर कंपनी का लेबल नहीं था, लेकिन इसे देखकर लोगों में नाराजगी फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आम जनता की सेहत से जुड़ी इतनी गंभीर जांच में विभाग को इतनी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए थी। दारू की बोतल में सैंपलिंग करना विभाग की कंजूसी और गैर-जिम्मेदारी को दर्शाता है।

## हाथियों के हमले से दहशत में एक युवक की मौत

**मनेंद्रगढ़।** मनेंद्रगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कछौड़ में हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाई है। लगभग 12 हाथियों का यह दल, जिसमें दो शावक भी शामिल हैं, गांव में लगातार विचरण कर रहा है। इस हमले में एक युवक की जान चली गई, जबकि तीन मकानों को नुकसान पहुंचा है और खेतों की फसलें भी पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि हाथियों का यह दल अब बिहारपुर वन परिक्षेत्र की ओर बढ़ गया है। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और स्थिति को काबू में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को वन विभाग की ओर से जंगल की ओर न जाने की सख्त हिदायत दी गई है और सतर्क रहने की अपील की गई है। प्रभावित परिवारों को प्राथमिक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर से जंगली हाथियों और मानव बस्तियों के बीच बढ़ते संघर्ष को उजागर कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं युवा दिवस खेल सप्ताह का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं युवा दिवस खेल सप्ताह के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एन. एस. रावटे के मार्गदर्शन में बालिका एवं महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा भारत सरकार की कार्य योजना के अंतर्गत %बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ% अभियान के तहत, बालिका एवं महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय काटगोड़ी, सोनहत में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीड़न, कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न के विषय में जानकारी दी की गई। साथ ही कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं के लिए कुर्सी दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के कर्मचारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

## सूर्या मॉल से 7 स्पा सेन्टर एण्ड ब्यूटी सेलून संचालिका गिरफ्तार

**रायपुर।** दुर्ग जिले की भिलाई थाना सुपेला चौकी स्मृति नगर पुलिस ने सूर्या मॉल स्थित स्पा सेन्टर में दबिश देकर स्पा सेन्टर एण्ड ब्यूटी सेलून के 07 संचालिका को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी स्मृति नगर भिलाई गुरविन्दर सिंह संधू के नेतृत्व मे अवैध रूप से संचालित स्पा एण्ड सेलून टीआई सूर्यामाल जुनवानी में पूर्व में दबिश दिया जाकर समझाइस दिया गया था, किन्तु संचालित 1.न्यू एलोरा स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून के संचालिका झरना मंडल 02. रायल रिलेक्सिंग स्पा संचालिका श्रीमती बी. मोला उर्फरोशनी 03.द फाईनिंग स्पा संचालिका प्रिया श्याम 04. द राईनिंग स्पा संचालिका कनिष्का बिझाडे 05.स्पा सेलून एण्ड ब्यूटी के संचालिका कृतिमा देशलहरे 06. स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून का संचालिका श्रीमती संजू सिंह 07. स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून दिशा बंजारे का दिनांक 19.08.2025 के पूर्व चेंकिग के दौरान शासन का नियमों के अनुसार चलाने एवं अवैध कार्य पर में संलिप्त नही रहने के संबंध में हिदायत दिया गया था जो दिनांक 19.08.2025 को चेकिग के दौरान पाया गया कि शासन के द्वारा जारी किये गुमस्ता लायसेंस में मंगलवार को स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून को छुटटी रहने के कारण बंद करने का निर्देश दिये गये थे,जिसका पालन नही करते हुये मंगलवार को टीआई सूर्यामाल स्थित स्पा एण्ड सेलून को संचालित करना पाया गया था। जिसकी चेकिंग के दौरान उन लोगो के द्वारा पुलिस स्टाफएवं साक्षीगणों से बाद विवाद करने से टी.आई. सूर्यामाल में भ्रमण करने वालों की मध्य माहौल खराब होने एवं शासन के दिये गये निर्देशों का पालन न करने पर तत्काल थाना सुपेला चौकी स्मृतिनगर में इस्तग्रास क्रमांक 226/542 धारा 170/126,135 भारतीय नागरिक सूरक्षा सहिता के तहत् कार्यवाही किया जाकर अनुविभागिय दण्डाधिकारी छावनी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**कोरिया बैकुंठपुर।** 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती को कांग्रेस पार्टी की तरफ से सद्भावना दिवस के रूप में बैकुंठपुर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय मनाया गया। राजीव गांधी जी की 81 वा जन्म जयंती पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए की। इसके पश्चात राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजन सभा पर विचार-गोष्ठीयो करते हुए उनको याद किया गया। राजीव जी ने लगातार फिरकापरस्त ताकतों, घृणा, आतंकवाद, अशिक्षा एवं गरीबी के खिलाफ संघर्ष किया। वे जाति, धर्म और सम्प्रदाय के संकीर्ण दायरे से देश को उबारना चाहते थे। उनका प्रयास था कि भारत पारस्परिक सद्भावना का एक ऐसा गुलदस्ता बने जो नवनिर्माण के साथ विकास की मंजिल की ओर निरन्तर बढ़ता रहे।

उन्होंने भारत को आधुनिक, खुशहाल और एक मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई। विचार गोष्ठी में उनके दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक सोच एवं नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संकल्प लिया गया कि हम सब मिलकर उनके सपनों का भारत बनाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ नेता मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, हेम सागर यादव, भूपेंद्र यादव, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, प्रवीर भट्टाचार्य, रियाजउद्दीन, संगीता रवि राजवाड़े, दीपक गुप्ता, एस.एन मोदी, हीरालाल साहू, जाग्रीत, मनीष सिंह, राजीव गुप्ता, राकेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, विक्रांत सिंह, मोनू मांझी एवं अनेकों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## भर्ती के नाम पर फर्जीवाड़ा, जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में फर्जी भर्ती विज्ञापन का एक मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन और आम जनता को चौकन्ना कर दिया है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा जिला पंचायत सीईओ के नाम का उपयोग करते हुए एक नकली विज्ञापन जारी किया गया है, जिसमें कृषि, कंप्यूटर, स्वास्थ्य विभाग, सुपरवाइजर, मैनेजर और कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती की बात कही गई है। जिला पंचायत की सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने इस पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए एक प्रेस नोट जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह विज्ञापन पूरी तरह से फर्जी है और जिला प्रशासन या किसी भी सरकारी विभाग की ओर से ऐसा कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। सीईओ ने जनता से अपील की है कि वे ऐसे झूठे विज्ञापनों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भर्ती से जुड़ी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट या जिला पंचायत कार्यालय से संपर्क करें। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है ताकि फर्जी विज्ञापन फैलाने वाले व्यक्ति का पता लगाया जा सके और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## राशन दुकानदारों ने कमीशन बढ़ाने तथा क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की

**रायपुर।** शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के आव्हान पर सभी 14 हजार से अधिक राशन दुकानदार आगामी एक सितंबर से हड़ताल पर चले जाने की घोषणा की है। संघ की मांग है कि चावल गेहूं शक्कर के वितरण का काम राशन दुकानदारों द्वारा किया जाता है। लेकिन कमीशन में वृद्धि नहीं की जा रही है। इसके अलावा क्षतिपूर्ति भी नहीं मिलने से दुकानदार परेशान है।

शासकीय राशन दुकानदार विक्रेता कल्याण संघ के प्रमुख विजय कुमार घृतलहरे ने बताया कि राज्य में शासकीय मूल्य पर चावल का वितरण का काम दुकानदारों द्वारा किया जाता है। जबकि दुकानदारों पर कई जिलों में जानलेवा हमला किया जा रहा है। हाल ही में दुकानदारों ने तीन महीने का चावल सफलतापूर्वक वितरण किया लेकिन सरकार द्वारा प्रति क्विंटल गेहू, चावल, शक्कर एवं नमक के वितरण पर मात्र पांच रुपये कमीशन दिया जाता है जो कि काफी कम है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल से हम इसे बढ़ाने की मांग कर रहे है। दुकानों में रखे चावल शक्कर खराब हो जाता है लेकिन हमें कोई क्षतिपूर्ति नहीं मिलती। राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल एवं अन्नपूर्णा योजना मध्यान्ह पोषण आहार तथा रिफाइन नमक का वितरण किया जाता है। मिट्टी तेल वितरण की व्यवस्था लचर है इसे सिंडीकेट द्वारा गायब कर दिया जाता है। पिछले 20 वर्षों से हमें चावल वितरण में 30 रुपये प्रति क्विंटल शक्कर में पांच रुपये प्रति क्विं. मध्यान्ह पूरक पोषण आहार अन्नपूर्ण निशक्त योजना में बेगारी कराई जा र ही है। हमें केंद्र के बराबर 90 रुपये प्रति क्विं. की दर से कमीशन दिया जाना चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सफल संचालन करने वाले दुकानदारों का कहना है कि वितरण भंडारण में हमें क्षति होती है दुकान में शार्टेज होता है इसलिए क्षतिपूर्ति की राशि बढ़ाकर देना चाहिए। पिछले दिनों इसी मांग को लेकर हड़ताल पर गये थे लेकिन हमारी मांगे नहीं मानेगी। अब 1 सितंबर से संघ ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है इसकी सूचना खाद्य विभाग एवं खाद्य मंत्री को दे दी गई है।

## मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन,तीन वाहन चालकों पर कार्यवाही

**रायपुर।** जिले की यातायात पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में मोटरव्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की है। जिसके तहत आरटीओं में जब्त वाहन के परिवहन ,शराब पीकर ट्रक चलाना तथा वाहन को अवैध रूप से मोडीफाई किया जाने के मामले में कार्यवाही की गई है।

बता दें कि दिनांक 19.08.2025 को ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस की इंटरसेप्टर टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पिपरछेड़ी पर चेकिंग कार्यवाही की जा रही थी। इसी दौरान लगभग दोपहर 1:00 बजे वाहन क्रमांक सीजी 07 सीटी 8938 को संदिग्ध स्थिति में पाते हुए रोका गया। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि वाहन भिलाई से राजनांदगांव की ओर लोहे का सामान परिवहन कर रहा था। वाहन के अभिलेखों का परीक्षण ई-डिवाइस मशीन से किया गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि उक्त वाहन पूर्व में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, झारग्राम (कोलकाता) की कस्टडी में जब्त है। अभिलेख अनुसार दिनांक 10.07.2025 को संबंधित आरटीओ द्वारा इस वाहन को जब्त किया गया था तथा उस पर 30,500 का चालान भी किया गया था, जो अब तक लंबित है। इसके बावजूद वाहन को सड़क पर संचालित किया जाना गंभीर उल्लंघन पाया गया। वाहन का चालक सोहन निर्मलकर, पिता हरीश निर्मलकर, उम्र 22 वर्ष, निवासी सुपेला पाया गया, जबकि वाहन का स्वामी श्यामसुंदर शाह, पिता अंट लाल शाह, वस्ता इंडस्ट्रीज़, प्लॉट क्रमांक 6जी, हेवी इंडस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई है। पूछताछ उपरांत वाहन को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु अंजोरा चौकी सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में, दिनांक 20.08.2025 को लगभग दोपहर 12 बजे यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम द्वारा कोसानाला हाईवे रोड, सुपेला पर एक ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीवी 4511 को रैश ड्राइविंग करते हुए देखा गया। वाहन का पीछा कर उसे नेहरू नगर चौक पर रोका गया और आगे की जांच हेतु नेहरू नगर यातायात कार्यालय लाया गया। वाहन चालक का परीक्षण ब्रीथ एनालाइज़र मशीन से करने पर यह प्रमाणित हुआ कि चालक द्वारा मद्यपान किया गया है। चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182(2), 39/192, 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायालय प्रस्तुत किया गया तथा वाहन को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त, दिनांक 19.08.2025 को शाम लगभग 7 बजे यातायात पुलिस द्वारा नेहरू नगर यातायात कार्यालय में एक कार को जब्त कर लाया गया। उक्त कार को अत्यधिक मॉडिफाई किया गया था। कुछ दिन पूर्व इस कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें देखा गया कि लाल रंग की कार पर ऑडी कंपनी का लोगो लगाया गया है तथा इसे सिविक सेंटर, भिलाई क्षेत्र में तीन युवक घुमा रहे थे। जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त वाहन वास्तव में होंडा सिटी कार है, जिसे अवैध रूप से मॉडिफाई करते हुए उसकी छत को हटाया गया था और आगे ऑडी का लोगो लगाया गया था। प्राप्त सूचना एवं जांच के आधार पर वाहन के स्वामी को तलब किया गया तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 182(4), 66/192(1) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 20,000 का चालान किया गया। इन सभी कार्यवाहियों में यातायात पुलिस की सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया गया कि नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो।अपील:- यातायात पुलिस आमजन से अपील करती है कि जब्त अथवा चालान लंबित वाहनों का उपयोग न करें, नशे की हालत में वाहन संचालन से बचें तथा किसी भी प्रकार से अपने वाहनों को अवैध रूप से मॉडिफाई न करें। इन सभी कृत्यों से न केवल सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है, बल्कि मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत सख्त दंडात्मक कार्यवाही भी की जाती है। सुरक्षित और सुगम यातायात के लिए नियमों का पालन आवश्यक है।

## हुड़दंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** जिले की थाना बसंतपुर पुलिस ने मोहल्ले में हो-हुडदंग करने वाले दो आरापियों को गिरफ्तार कर उसके विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही की गई है। बता दें कि राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के दिशा निर्देश पर असमाजिक तत्वो पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी कड़ी में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वाले अनावेदक संतोष मरकाम पिता स्व. रामअवतार मरकाम उम्र 23 साल निवासी बसंतपुर के विरूद्व धारा 170, 126,135 (3) बीन एस एसएस के तहत् कार्यवाही किया गया।

## धर्मांतरण का आरोप लगाकर हंगामा, बजरंग दल पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** रायपुर में बजरंग दल के पदाधिकारियों के खिलाफ एक प्रार्थना सभा के दौरान हंगामा करने, गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और अश्लील इशारे करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक प्रार्थना सभा में धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए वहां मौजूद लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को धमकाया, गालियां दीं और धक्का-मुक्की की। पुलिस ने इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक विजेंद्र वर्मा, गोल्डी शर्मा, अजय नेताम सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखा। मामले की जांच जारी है और पुलिस सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अस्तित्व ,रोजगार एवं विकास को लेकर चर्चा, विकास मंच ने दिया ज्ञापन

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से मांगा सहयोग

### विधायक भैया लाल राजवाड़े ने की तत्काल पहल



**कोरिया चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के अस्तित्व और भविष्य को सुरक्षित रखने, क्षेत्र में रोजगार सृजन करने तथा हो रहे पलायन को लेकर चर्चा बचाओ मंच ने माननीय प्रधानमंत्री भारत गणराज्य,मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, विधायक भैयालाल राजवाड़े, कलेक्टर कोरिया एवं मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र को ज्ञापन दिया, मंच पदाधिकारी ने ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि कि नगर पालिका शिवपुर चरचा, जिला कोरिया, छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक और औद्योगिक क्षेत्र है है जो आज अपने अस्तित्व के निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। चरचा कालरी—जो पिछले 61 वर्षों से लगातार कोयला उत्पादन कर रही है और इस अंचल की जीवनरेखा रही है—अब अपने अस्तित्व की अंतिम साँसें गिन रही है। आने वाले 5- 6 वर्षों में चर्चा कॉलरी खदान के बंद होने की संभावना है ,नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में इस कोयला खदान के अतिरिक्त अन्य कोई उद्योग धंधे नहीं है जिससे रोजगार सृजन हो सके पूर्व में इस खदान में 3600 कर्मचारी कोयला उत्पादन के कार्य में लगे हुए थे जिनकी संख्या अब घटकर महज 1650 रह गई है। पिछले 35 वर्षों में यहां एक भी नए कर्मचारी की भर्ती नहीं हुई बल्कि इसके विपरीत हर महीने दर्जनों श्रमिक परिवार सेवा-निवृत्ति होकर सपरिवार अन्य जगहों पर चले जा रहे हैं।

चरचा खदान से आज तक लगभग 25,000 करोड़ रुपये मूल्य का कोयला निकाला गया, जिसने राज्य और देश की ऊर्जा ज्योति को जलाए रखा। लेकिन, विडंबना यह है कि जिसके गर्भ से यह समृद्धि निकली—उस चरचा की गलियों में आज बेरोजगारी, पलायन और ठप होते कारोबार की खामोशी गूंज रही है। लगभग तीन दशक पहले तत्कालीन कॉलरी प्रबंधन द्वारा चरचा कालरी को कटघोरी-सोनहत से जोड़ने वाली लगभग 6.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था किंतु लगभग डेढ़ किलोमीटर निर्माण के पश्चात सड़क निर्माण कार्य बंद कर दिया गया जो आज तक अधूरा पड़ा है इस सड़क निर्माण से सोनहत कटघोरी पहाड़ी मार्ग से आने-जाने वाले हजारों लोगों को सुविधा मिलती, व्यापार में प्रगति होती रोजगार के अवसर मिलते किंतु दुर्भाग्य से वह सपना अधूरा रह गया, और यह अधूरा सपना अब इस पूरे क्षेत्र के भविष्य को भी अधूरा छोड़ने की कगार पर है। यह केवल सड़क निर्माण की मांग नहीं है—यह चरचा के अस्तित्व की पुकार है। यह हजारों परिवारों के जीवन में फिर से रौशनी लाने की अपील है। चर्चा- कटघोरी सड़क निर्माण से लाभ.....चर्चा एसईसीएल ऑफिस से कटोघोरी सॉफ्ट तक की दूरी वर्तमान में 19.5 किलोमीटर है किंतु इस सड़क निर्माण जो की मात्र लगभग 6.50 किलोमीटर का है के बनने से 13 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी जिससे प्रतिदिन आवागमन करने वाले स्थानीय नागरिकों को हो रही आर्थिक क्षति में कमी आएगी , समय की बचत होगी और साथ ही अत्यंत महत्वपूर्ण ईंधन का अपव्यय भी नहीं होगा। सोनहत कटघोरी क्षेत्र के निवासरत लगभग 40000 ग्रामीणों को चरचा कालरी स्थित रेलवे स्टेशन पहुंचने में समय की बचत होगी साथ ही आवागमन सहज और सरल हो जाएगा इसके अतिरिक्त चरचा कालरी स्थित बस स्टैंड जहां से देश के विभिन्न राज्यों मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़ ,उड़ीसा ,बिहार ,झारखंड आदि के लिए प्रतिदिन बस सेवा उपलब्ध रहती है का लाभ भी ग्रामीण क्षेत्र वासियों को मिलेगा। चरचा कालरी स्थित क्षेत्रीय चिकित्सालय का लाभ समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र को मिलेगा। विषम परिस्थितियों में एसईसीएल चर्चा व नगर पालिका शिवपुर चर्चा की अग्निशमन वाहन सुविधा का लाभ आसपास के क्षेत्र वासियों को तत्काल मिल सकता है। सड़क निर्माण से नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र के स्थायित्व को बल मिलेगा ,पलायन रुकेगा और रोजगार के अवसर का सृजन होगा।

ज्ञापन के प्रति क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भैयालाल राजवाड़े ने तत्काल मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र को फोन के माध्यम से जानकारी देते हुए सड़क निर्माण करने की मांग की इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि चर्चा कॉलरी मेरा ग्रह ग्राम है इसके अस्तित्व के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल बिलासपुर से भी तत्काल बात करूंगा, इसी क्रम में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया व फॉरेस्ट विभाग से सर्वे कराने की बात कही बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बी .एन. झा ने कहा कि आप की मांगों को मैं अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष रखूंगा चर्चा कॉलरी की खदान ऐतिहासिक खदान है। ज्ञापन देने के दौरान अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा, राजेश सिंह उपाध्यक्ष, चरचा बचाव मंच के अध्यक्ष नीरज गुप्ता उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, संयोजक मोहम्मद आरिफ ,सचिव विनोद सिंह,राजेश्वर चंद्रा, संरक्षक मनोज सिंह ,पवन अग्रवाल,सचिन मलिक, मनोज सोनी पंकज मोदी मोहम्मद जफरुल इंद्र कुमार परमार शाकिर रजा, टीपू सुल्तान,ताल्हा इराकी ,मुमताज,,रेहान सईद अहमद ,सरफराज सहित काफी संख्या में व्यापारी में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक निलंबित

**रायपुर।** राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक को गंभीर वित्तीय अनियमितता और शासकीय निधि की सुरक्षा में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जशपुर जिले की सुसडेगा व्यपवर्तन योजना में सामने आई गड़बड़ियों के चलते की गई है। विभागीय दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि विजय जामनिक ने अनुबंध की शर्तों को नजरअंदाज करते हुए, ठेकेदार द्वारा जमा की गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि — कुल 2.93 करोड़ रुपये — कार्य अधूरा रहने के बावजूद समय पूर्व लौटा दी। इसमें 1.46 करोड़ रुपये की दो एफडीआर (संख्या 1764903 और 1764904) शामिल हैं। फिलहाल परियोजना का कार्य केवल 60 प्रतिशत ही पूरा हो सका है और ठेकेदार द्वारा शेष कार्य को पूरा करने में कोई गंभीर पहल नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति में यदि ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़ देता है, तो विभाग उस राशि को जब्त नहीं कर पाएगा, जिससे विभागीय हितों को नुकसान पहुंचा है। इस पूरे प्रकरण को वित्तीय अनियमितता और अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते हुए, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत जामनिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय मुख्य अभियंता कार्यालय, महानदी-गोदावरी कछार, रायपुर नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# आधी रात को गांव में घुसा 42 हाथियों का दल, मची अफरातफरी

### जान बचाकर भागे ग्रामीण



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां पसान रेंज के पनगंवा गांव में कल आधी रात को 42 हाथियों का दल अचानक बस्ती में घुस आया, जिससे ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई और कई ग्रामीण अपनी जान बचाकर भागने को विवश हो गए। बाद में ग्रामीणों ने हिम्मत व एकजुटता दिखाई और सभी एक साथ मशाल व हाथियों को भगाने का साधन लेकर घरों से निकले तथा बड़ी संख्या में बस्ती में घूम रहे हाथियों के दल का खदेड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया, तब गांव में राहत की सांस ली गई। हाथियों ने जंगल पहुंचने से पूर्व यहां के मौहाईपारा में अनेक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान के कई एकड़ फसल को रौंद दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा गांव में किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने से दहशत का माहौल बन गया है। वहीं वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 42 हाथियों का दल केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में पिछले कुछ दिनों से लगातार विचरण कर रहा था। बीती रात हाथियों के एक दल ने मूव्हमेंट किया और जंगल ही जंगल होते हुए पसान रेंज की सीमा में प्रवेश करने के बाद पनगंवा गांव की बस्ती में घुस आया। हाथियों के अचानक गांव में आने तथा उनकी चिंघाड़ सुनकर कुछ ग्रामीण जागे तथा हाथियों को भगाने की कोशिश की लेकिन हाथियों द्वारा उल्टा दौड़ा दिए जाने से ग्रामीणों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। बाद में अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई जिस पर गांव के सभी ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए हाथियों को खदेड़ दिया। इस बीच जटगा रेंज में सक्रिय 8 हाथियों का दल भी पसान रेंज में आ गया है। हाथियों के इस दल को रेंज के पसान सर्किल के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। मैदानी अमला के अलावा ड्रोन कैमरे को भी निगरानी में लगाया गया है। जिसके द्वारा हाथियों के मूव्हमेंट की जानकारी मिल रही है।

# लखन का बढ़ा कद, जिले में आज जगह-जगह होगा जोशीला स्वागत



**कोरबा।** कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन को आबकारी और सार्वजानिक उपक्रम की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने के बाद आज कोरबा आगमन हो रहा है। लखन का कद बढ़ाए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष है। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों द्वारा पाली से लेकर टीपी नगर तक जगह जगह जोशीला स्वागत किया जाएगा।

जारी कार्यक्रम के अनुसार वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यक(आबकारी), श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन आज सुबह 11 बजे रायपुर से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर एक बजे पाली मेन रोड पर भाजपा पाली मंडल, चैतमा मंडल समेत सभी पदाधिकारियों द्वारा रखे गए स्वागत और अभिन्दनन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसी तरह दोपहर डेढ़ बजे कटघोरा मुख्य चौक पर भाजपा के कटघोरा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे छुरी में पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। ढाई बजे एनटीपीसी जमनीपाली गेट के सामने भाजपा दर्री मंडल द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद कोरबा जिले के लिए गौरव का क्षण सामने आया है। जिले के विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग के साथ-साथ आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी संगठन में कोरबा की कर्मठ कार्यकर्ता सुश्री ऋतु चौरसिया को प्रदेश मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

इन उपलब्धियों पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के तत्वावधान में संयुक्त स्वागत एवं बधाई समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 21 अगस्त , गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे भाजपा जिला कार्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा में होगा।

उन्होंने भाजपा के सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों तथा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएँ। कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह का माहौल है और सभी मंडल एवं प्रकोष्ठ अपनी-अपनी ओर से स्वागत की तैयारियों में जुट गए हैं।

## आबकारी विभाग की टीम पर किया पथराव, एफआईआर दर्ज



**कोरबा।** कोरबा जिले में बुधवार को महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। ग्रामीणों ने टीम पर पथराव कर दिया। साथ महिला अधिकारी के साथ धक्का-मुक्की की गई। यह घटना उरगा थाना क्षेत्र के आमापाली गांव की है। दरअसल, सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम 6 गाड़ियों में गांव में दबिश दी। यहां शंकर खड़िया के घर से करीब 22 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान शंकर को वाहन में ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने विरोध करते हुए टीम पर पथराव कर दिया।टीम में शामिल महिला नगरसेन रंजीत बघेल के साथ कुछ महिलाओं ने धक्का-मुक्की भी की। ऐसे में टीम को शंकर खड़िया को छोड़कर वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद आबकारी टीम ने उरगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का भी आरोप है कि कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग ने उनके साथ हाथापाई की है।

इस पूरे मामले में प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अधिकारी आशा सिंह का कहना है कि मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को करतला थाना क्षेत्र के सेंद्रीपाली गांव में भी महुआ शराब की बिक्री को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की थी।

### कुसमुंडा के कामगारों को नए एंबुलेंस का इंतजार

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र के कामगारों को अचानक दुर्घटना होने पर सर्वसुविधा युक्त एंबुलेंस की जरूरत है। इस मामले को केएसएस के शॉजी जॉन ने मुख्यालय में उठाया था। अलग से कुसमुंडा प्रबंधन को पत्र लिखा गया था। पत्र को मुख्यालय भेज दिया गया था। मुख्यालय आईआर बैठक में आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही कुसमुंडा के कामगारों को सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस दे दिया जाएगा। जिसके बाद से प्रक्रिया शुरू हो गई थी। माना जा रहा है कि कुछ दिनों बाद कुसमुंडा के कामगारों को सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस मिल जाएगा।

## शव के पास मिला सुअर के शिकार करने वाला तार

**कोरबा।** जिले के नकटीखार के निकट मुख्य सड़क से करीब 40 से 50 मीटर दूर एक अज्ञात लाश मिली। मंगलवार 19 अगस्त को यह शव मिलने से इलाके में सनसनी व्याप्त रही। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर जा कर शव की शिनाख्ती का प्रयास किया और पंचनामा बाद शव को जिला अस्पताल की मर्च्युरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान कल ही हुई जिसमें वह जांजगीर-चाम्पा जिलान्तर्गत ग्राम खिसोरा के निकट गांव का निवासी विष्णु था। पहचान के बाद परिजन आज कोरबा पहुंचे हैं जिन्हें पोस्टमार्टम की प्रक्रिया बाद शव सुपुर्द कर दिया जाएगा।इधर दूसरी तरफ युवक की मौत की वजह को लेकर संशय बना हुआ है जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद दूर होगा। फिलहाल, स्थानीय सूत्रों की मानें तो युवक की जान सूअर मार तार के सम्पर्क में आने से हुई है। जहाँ पर उसका शव 19 अगस्त को मिला, वहां पास में सुअरों को पकड़ने के लिए दिया जाने वाला वेस्टेज भोजन पड़ा मिला।



जिले के केंदई रेंज अंतर्गत सलईगोट गांव में वन विभाग ने प्रदीप कुमार गोंड़ नामक ग्रामीण के घर पर छापा मारकर 22 नगर साल का चीरान लकड़ी जब्त करने में सफलता पाई है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। लकड़ी जब्ती की कार्यवाही में सुनील डिक्सेना, शारदा शर्मा, विकास सूर्यवंशी, सीमा सारथी, प्रीतम पुराइन, पंकज खैरवार, अशोक श्रीवास, रामप्रसाद कुशवाहा, गंगाराम नेताम व प्रहलाद सिदार की अहम भूमिका रही।

## नशे में वाहन चलाने वाले चालकों पर हुई कार्यवाही



**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत दीपका थाना पुलिस ने पाली रोड स्थित अग्रसेन चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर लगा रखे चालकों, तीन सवारी पर कार्यवाही की गयी।

यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने वाहन चालकों को समझाइश भी दी गयी। दीपका थाना प्रभारी साहू ने बताया कि 5 मामले मोडिफाइड साइलेंसर और 5 प्रकरण मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने के दर्ज किए गए हैं। यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर आगे भी कार्यवाही करेंगे। पाली थाना की पुलिस टीम ने ऑटो पार्ट्स की दुकान से दो मोडीफाईड सायलेंसर जब्त किया है। थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के ऑटो पार्ट्स की दुकानों व गैराज की जांच की। इस दौरान पुलिस ने दो नग मोडिफाईड साईलेंसर जब्त किया है। पुलिस ने सभी दुकानदारों को चेताया है कि मोडिफाईड साईलेंसरो की बिक्री नहीं करें। अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बसपा के सैकड़ों कार्यकर्ता जाएंगे अंबिकापुर

**कोरबा।** बसपा के द्वारा अंबिकापुर में आदिवासी मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में बसपा के राज्य सभा सदस्य रामजी गौतम शामिल होंगे। पूरे प्रदेश से बसपा के कार्यकर्ता यहां पहुंच रहे हैं। कोरबा जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, महामंत्री जितेंद्र बंजारे, कोरबा विधानसभा अध्यक्ष गज्जू चौहान, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष राघवेंद्र मनहर, महेंद्र निराला, भगवती केमेंडीज, राजकुमारी नारंगे, केशर सोनवानी, कार्तिक बाई सहित अनेकों कार्यकर्ता जाएंगे।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हड़ताल कल से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 22 अगस्त को काम बंद कलम बंद के तहत मोदी की गारंटी लागू कराने 11 सूत्रीय मांग कर्मचारियों को केशलेश सुविधा, 300 दिवस का अवकाश नकदीकरण, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, पिंगुआ समिति की शिफारिस सार्वजनिक करने, सेवा निवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने एवं अन्य प्रमुख मांगों को लेकर जिले के कर्मचारी अधिकारी अपने विधिक अधिकार के लिए सड़क पर उतरेंगे। ज्ञातब्य हो कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपने सिद्धांतों के अनुरूप पहले अपनी मांगों को सरकार के समक्ष निवेदनार्थ प्रस्तुत किया गया है किंतु शासन प्रसाशन की ओर से उचित पहल के अभाव में मजबूरन प्रथम चरण में 16 जुलाई को सांकेतिक धरना रैली के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाया गया है और 20 अगस्त तक मांगों की पूर्ति का आग्रह किया था।

### पूर्व पार्षद गीता महंत का निधन



**कोरबा।** कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ता व पुरानी बस्ती,कोरबा वार्ड की पूर्व पार्षद पंजाबी गुरुद्वारा रोड पुरानी बस्ती निवासी श्रीमती गीता महंत का निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थीं कि इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। निधन की खबर से पुरानी बस्तीवासियों सहित कांग्रेसजनों व नगरजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

## रामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों का दल रवाना



**कोरबा।** कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने श्री रामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थ यात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए साकेत भवन से रवाना किया। उन्होने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई तथा तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहना कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का सु-अवसर प्राप्त हुआ हैं। ईश्वर उनकी यात्रा मंगलमय करें और वे रामलला के चरणों का दर्शन लाभ प्राप्त करें।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराये जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम की यात्रा के लिये रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज प्रात: 08 बजे निगम की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी रामकुमार साहू, चेतन सिंह मैत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखा कर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया, उन्होने तीर्थ यात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत किया एवं उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, पार्षद रामकुमार साहू, चेतन सिंह मैत्री के साथ ही उपायुक्त पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, श्री रामलला दर्शन समिति के सदस्य प्रकाश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दीपक यादव व सुशील गर्ग, अमित श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, संजय कुमार भास्कर, विकास टंडन, संतोष यादव, दानेश्वर वैष्णव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## मेयर पहुंची हाउसिंग बोर्ड कालोनी अधिकारियों को लगाई फटकार



**कोरबा।** कोरबा जिले के वार्ड क्रमांक 34 स्थित खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की बदहाल स्थिति का संज्ञान लेते हुए नगर निगम कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत स्वयं कॉलोनी पहुंचीं। उन्होंने पूरे कॉलोनी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया और नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

कॉलोनीवासियों ने महापौर को बताया कि यहां नाली के अभाव में गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे जगह-जगह कीचड़ और दुर्गंध फैल रही है। नियमित झाड़ू न लगने और सफाईकर्मियों की लापरवाही से पूरा इलाका गंदगी का ढेर बन गया है। लोगों ने चिंता जाहिर की कि इस लापरवाही के कारण बच्चों और बुजुर्गों को बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

महापौर संजू देवी राजपूत ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और ज़ोन प्रभारी भूषण उरांव को फटकार लगाते हुए कहा की जनता की परेशानी को अनदेखा करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सफाई और नाली की समस्या पर तुरंत कार्यवाही हो। जो भी ठेकेदार या कर्मचारी लापरवाही करेगा, उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने और नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व पार्षद दीपक यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महापौर ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा और जल्द ही कॉलोनी में साफ-सफाई एवं पानी निकासी की स्थिति में सुधार नजर आएगा।


नम: शिवाय

प्लाट बेचना है

शादी घर, होटल, रिसोर्ट के लिए 1.5 एकड़ का डायवर्टेट प्लाट बेचना है, घंटाघर हेलीपेड के पास।

संपर्क करें

62681-46606


## आकृति महिला मंडल ने अपना घर में सेवा दी, कुशलक्षेम पूछा



**कोरबा।** मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के पास संचालित अपना घर सेवा आश्रम पहुंचकर आकृति महिला मंडल की सदस्याएं भावुक नजर आई उन्होंने यहां पर निवासरत वंचित वर्ग से भेंट की और उनका कुशलक्षेम जाना।

महिला मंडल के द्वारा यह कार्य भाभीसा शशि दुहन की प्रेरणा से किया गया। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा के सेंट्रल वर्कशॉप की आकृति महिला मंडल के अध्यक्ष धनलक्ष्मी सूर्यवंशी ने बुधवार को अपने सदस्यों के साथ अपना घर में उपस्थिति दर्ज कराई। इस परिसर में मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को रखने के साथ उनकी सेवा की जा रही है। संस्था के इस प्रयास को बढ़ाने के लिए विभिन्न संगठन अपनी ओर से योगदान सुनिश्चित कर रहे हैं। आकृति महिला मंडल ने यहां पहुंचकर सभी से उनके कुशलता जाने और यथा संभव संहिता का वचन दिया। महिला मंडल ने इस संस्था को विभिन्न खाद्य सामग्री और जरूरत की चीज उपलब्ध कराई। इस अवसर पर महिला मंडल की सक्रिय सदस्यों श्रीमती अर्चना दुबे, श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रतिभा पटुवा, श्रीमती रश्मि टंडन उपस्थित रही ।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com